# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून–248001**

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551

email id- election09@gmail.com

फैक्स न0 (0135) – 2713724


संख्याः 1443 /XXV–10–P3/2023 देहरादूनः दिनांक 20 अगस्त, 2023

सेवा में

श्री पवन दीवान
अवर सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग
निर्वाचन सदन अशोक रोड़
नई दिल्ली।

**विषयः–** Election related Press Coveraga Feedback-reg

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–100/ECI/UKD-LA/2/NS-II दिनांक 09 अगस्त, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings दैनिक आधार पर निर्धारित ईमेल के माध्यम से आयोग की सेवा में प्रेषित करने के मुझे निदेश प्राप्त हुए है।

अतः उक्त संबंध में दैनिक सूचना अध्यावधिक करते हुए दिनांक 17.18 एवं 19 अगस्त 2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings संलग्न कर निवेदन सहित प्रेषित किया जा रहा है कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड।

# बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम... हिन्दुस्तान
दिनांक 19 AUG 2023

# बागेश्वर में जीत के लिए प्रचार में जुटे नेता

बागेश्वर, संवाददाता। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा विकास के नाम पर वोट मांग रही है। स्व. चंदन राम दास ने खरेही क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। डिग्री कॉलेज की स्थापना का सपना भी पूरा होगा।

खरेही मंडल के अलावा नगर मंडल में भाजपा ने बैठकें आयोजित की। प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह स्व. दास के सपनों को आगे बढ़ाएं। उनके रुके हुए काम आगे बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के लिए पूरी ताकत के साथ काम करने को कहा। प्रमोद मेहता आदि ने भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, शिव सिंह बिष्ट, संजय परिहार, सांसद अजय टम्टा, उमा बिष्ट, हेमा रौतेला, पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल, रवि करायत, बसंती देव, कुंदन परिहार, प्रकाश साह, चंदन रावत, हयात मेहता, शंभू मिश्रा, मनीष टम्टा, मोहन रावत, महेश मिश्रा मौजूद रहे।

## भाजपा ने लगातार बागेश्वर की उपेक्षा की:कांग्रेस

बागेश्वर। कांग्रेस नगर में चुनावी कार्यालय पर बैठक आयोजित की। वक्ताओं ने भाजपा पर प्रहार किया। कार्यकर्ताओं से दोगुनी मेहनत से काम करने को कहा। जिले की समस्याओं पर भी चर्चा की। कांग्रेस कार्यालय का पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि भाजपा ने लगातार बागेश्वर की उपेक्षा की है। बागेश्वर टनकपुर रेल लाइन के लिए सर्वे पहले ही चुकी थी। उसे शुरू करने की जगह फिर से सर्वे करने की बात कही जा रही है। कैग रिपोर्ट में आयुष्मान सहित अन्य योजनाओं में घोटला खुला है। जिला अस्पताल में डाक्टरों की भारी कमी चल रही है। अटल आदर्श स्कूलों की स्थिति ठीक नहीं है। आधे अधूरे कोर्स में बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पठन-पाठन को मजबूर किया है। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, धारचूला के हरीश धामी, गोपाल राम, लक्ष्मी धर्मशक्तू, अर्जुन भट्ट, नरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, गोपा धपोला, लोकमणि पाठक आदि उपस्थित थे।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 19 AUG 2023

# भाजपा-कांग्रेस के दिग्गजों ने संभाली प्रचार की कमान

## बागेश्वर उपचुनाव

घनश्याम जोशी • बागेश्वर

- भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री और मंत्री करेंगे प्रचार
- कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष के साथ कई कद्दावर बागेश्वर में डटे

कहते हैं कि उपचुनाव सत्ता का लिटमस टेस्ट होता है। जनता के मन और मूड का सही-सही पता चलता है। योजनाओं की हकीकत जान पड़ती है और सरोकार भी साधे जाते हैं। यही सारे तत्व हैं जो बागेश्वर उपचुनाव की रोचकता बढ़ाए हैं।

मतदाताओं के साथ ही नेताओं को भी रोमांचित किए हुए हैं। तभी तो भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों दलों के दिग्गज चुनाव की डोर संभाले हुए हैं। भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री समेत मंत्री मोर्चा संभाले हैं। इस सब के बीच कांग्रेस के कद्दावर रंजीत दास के भाजपा के पाले में आने के बाद मुकाबला रोमांचक हो गया है।

भाजपा की ओर से प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज जैसे दिग्गज भी चुनावी सभाओं में दिखेंगे। वहीं, कांग्रेस भी प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को लेकर चुनाव प्रचार में जुटी है। कांग्रेस पूर्व में आप से चुनाव लड़कर अपने जनाधार का परिचय देने वाले बसंत कुमार को मैदान में उतार मतदाताओं के मन को टटोल रही है। लेकिन सबसे खास, इस चुनाव में भी स्थानीय मुद्दे हवा हैं। चुनावी सभा में न स्थानीय समस्याओं पर बात हो रही है और न जरूरतों का जिक्र। पिछले चुनाव में भाजपा ने बागेश्वर सीट को 12 हजार से अधिक मतों से जीता था। भाजपा के सामने उपचुनाव में जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती है।

भाजपा ने स्व. चंदन राम दास की पत्नी पार्वती दास को चुनाव मैदान में उतारा है। जिस तरह से दोनों दल जुटे हैं, उससे मुकाबला रोचक होने के आसार हैं। विधानसभा में 1,17,973 मतदाता हैं। इनमें 59,897 पुरुष और 58076 महिलाएं हैं। इस बार मतदान के लिए 188 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें से 94 की वेबकास्टिंग की जाएगी।

# बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

# कांग्रेस से बसंत और उक्रांद से अर्जुन देव सहित 5 ने भरे पर्चे

## बागेश्वर उपचुनाव : बसपा की ओर से नहीं कराया गया नामांकन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बागेश्वर।** विधानसभा उप चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन विपक्ष दलों के उम्मीदवारों ने अपने-अपने पर्चे दाखिल किए। इनमें कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, समाजवादी पार्टी, उत्तराखंड परिवर्तन दल (उपपा) के साथ ही एक निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। बसपा प्रत्याशी ने नामांकन पत्र लिया था लेकिन पर्चा दाखिल नहीं किया।

कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल, कांग्रेस नेता सुनील भंडारी, रमेश भंडारी की मौजूदगी में रिटर्निंग कार्यालय में नामांकनपत्र दाखिल किया। उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव, उपपा प्रत्याशी भगवत कोहली, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी,



पर्चा भरते बसंत कुमार। स्रोत: स्वयं

निर्दलीय जगदीश चंद्र ने समर्थकों के साथ नामांकन किया। उपपा के प्रत्याशी के नामांकन के दौरान पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी मौजूद थे।

रिटर्निंग अधिकारी हरगिरि के अनुसार, 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 21 अगस्त यानी सोमवार को नाम वापसी का दिन है। प्रत्याशियों के संख्या की असल स्थिति 21 अगस्त को ही साफ होगी। बता दें कि भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने बुधवार को पर्चा दाखिल किया था कुल नामांकन की संख्या छह हो गई है।

दैनिक जागरण

# करन माहरा और यशपाल आर्य के लिए भी परीक्षा होगा उपचुनाव

**बागेश्वर उपचुनाव**

- अल्मोड़ा लोकसभा सीट समेत कुमाऊं मंडल की दो लोकसभा सीटों पर मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने की तैयारी
- कांग्रेस ने आप प्रत्याशी के रूप में पिछले विधानसभा चुनाव में अपने बूते बेहतर प्रदर्शन करने वाले बसंत कुमार पर खेला दांव

राज्य ब्यूरो, देहरादूनः बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के साथ ही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के लिए यह परीक्षा की घड़ी से कम नहीं है। सुरक्षित विधानसभा सीट के लिए होने जा रहे इस उपचुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो इससे प्रमुख प्रतिपक्षी दल दोहरे लाभ की स्थिति में रह सकता है। इससे अल्मोड़ा संसदीय सीट (सुरक्षित) समेत कुमाऊं मंडल की दोनों लोकसभा सीट पर पार्टी का मनोबल भी बढ़ेगा।

कांग्रेस बागेश्वर उपचुनाव को लेकर बेहद गंभीर है। उपचुनाव में अपने प्रदर्शन के माध्यम से पार्टी अल्मोड़ा संसदीय सीट के समीकरणों को भी साध रही है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट होने के कारण अनुसूचित जाति के मतदाताओं पर पकड़ का अंदाजा पार्टी को लग सकेगा। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के बाद यह दूसरा उपचुनाव है, जिसमें पार्टी के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की भी परीक्षा तय है। इससे पहले चंपावत उपचुनाव बीते वर्ष हो चुका है। इस उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं उम्मीदवार थे।

बागेश्वर सीट कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन से रिक्त हुई है। प्रदेश में प्रचंड बहुमत की सरकार होने के बावजूद भाजपा इस चुनाव को हल्के में नहीं ले रही है तो इसका प्रमुख कारण कांग्रेस से मिलने वाली चुनौती भी है। भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में ही डटे हैं। यद्यपि, चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रंजीत दास के भाजपा में जाने से प्रमुख प्रतिपक्षी दल को झटका लगा है, इसका जवाब पार्टी चुनाव में कांटे की टक्कर के रूप में देना चाह रही है। इसीलिए पार्टी ने आप प्रत्याशी के रूप में पिछले विधानसभा चुनाव में अपने बूते बेहतर प्रदर्शन करने वाले बसंत कुमार पर दांव खेला है।

कांग्रेस इस उपचुनाव को पुष्कर सिंह धामी सरकार और भाजपा के विरुद्ध एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर के रूप में उभारने का पूरा प्रयास कर रही है। इस फैक्टर को उपचुनाव के साथ ही आगे चलकर नगर निकाय और फिर लोकसभा चुनाव में भी प्रमुख मुद्दे के रूप में आगे करने की तैयारी है।

# बागेश्वर उपचुनाव : कांग्रेस के बसंत कुमार ने किया नामांकन

## सपा व उक्रांद के प्रत्याशियों ने भी जमा किए पर्चे, बोले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, राजनीति को देगा नई दिशा देगा उपचुनाव



बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार नामांकन पत्र जमा करते हुए • जागरण

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने गुरुवार को नामांकन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी मौजूद रहे। वहीं, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी, उक्रांद के अर्जुन देव व उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के भगवत कोहली ने भी अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन किया। भाजपा की पार्वती ने बुधवार को नामांकन किया था। नामांकन के अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

### सरकार ने विकास का नया इतिहास लिखा : भट्ट

**बागेश्वर** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है। विकास का नया इतिहास लिखा जा रहा है। विपक्षी परेशान हैं और अनर्गल बयानबाजी उनका काम है। विधानसभा बागेश्वर उपचुनाव हो रहा है। जिसमें कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरे लगन, मेहनत से काम करेंगे। गुरुवार को गरुड़ मंडल के बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने जो कहा है, वह किया है।

कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन के बाद आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देगा। भीमराव आंबेडकर के संविधान को बचाने और पुरानी पेंशन बहाली को संघर्ष करने के लिए कांग्रेस का जीतना जरूरी है। अग्निपथ योजना का भी विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बागेश्वर महायोजना के तहत पहली आत्महत्या बागेश्वर में हुई। इस महायोजना के चेयरमैन यहां के पूर्व विधायक स्व. चंदन राम दास ही थे। उन्होंने कभी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। राज्य में कानून व्यवस्था चौपट है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा के अहंकार का खात्मा भी बागेश्वर की जनता ही करेगी।

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
हिन्दुस्तान
दिनांक 18 AUG 2023

कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार और उक्रांद से अर्जुन देव ने भरा पर्चा, नामांकन के अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा

# नामांकन: कांग्रेस, उक्रांद और सपा जंग में उतरे

**बागेश्वर उपचुनाव**



बागेश्वर में गुरुवार को नामांकन के बाद कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को फूलमाला पहनाई गई। • हिन्दुस्तान

**बागेश्वर, संवाददाता।** बागेश्वर उपचुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को कांग्रेस, उक्रांद, सपा और उपपा समेत पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के अलावा, उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी, उपपा प्रत्याशी भगवत कोहली और एक निर्दलीय ने भी नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह मंडलसेरा में इकट्ठा हुए। यहां से कांग्रेस का जुलूस नुमाईशखेत मैदान तक पहुंचा। पार्टी कार्यकर्ता सभास्थल में ही रुक गए, जबकि प्रत्याशी बसंत कुमार पांच लोगों के साथ तहसील परिसर में रिटर्निंग अफसर के कार्यालय पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस प्रत्याशी ने आरओ हरगिरि को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन पत्र दाखिल करते समय बसंत कुमार के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेंद्र टंगड़िया और पूर्व पालिकाध्यक्ष सुनील भंडारी मौजूद रहे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि नामांकन के साथ ही बागेश्वर में कांग्रेस का चुनावी संग्राम शुरू हो गया है। यशपाल आर्य ने कहा कि आज कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इसका लाभ भी उपचुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी के नामांकन के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा-कांग्रेस पर प्रहार करते हुए एक को नागराज तो, दूसरे को सांपराज बताया। जबकि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने जल-जंगल और जमीन बेचने वालों से आगाह रहने की अपील की। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि प्रदेश का चुनाव धन, बल और छल कर जीतने की परंपरा भाजपा और कांग्रेस ने डाली है। बागेश्वर उपचुनाव इस परंपरा को बदलेगा। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सपा को उत्तराखंड में मजबूत किया जाएगा। बसपा प्रत्याशी ओमप्रकाश ने दो दिन पहले नामांकन पत्र का सेट तो लिया, लेकिन अंतिम दिन नामांकन नहीं कराया।

## परंपरागत और प्रत्याशी के वोटों से चुनाव जीतेगी कांग्रेस

**माहरा का दावा**

**बागेश्वर, संवाददाता।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव इतिहास बदलेगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का परंपरागत वोट और प्रत्याशी बसंत कुमार का वोट मिलाकर पार्टी बागेश्वर उपचुनाव जीतेगी।

गुरुवार को पार्टी प्रत्याशी बसंत कुमार के नामांकन कराने के बाद नुमाईशखेत मैदान में हुई चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने यह बात कही। माहरा ने कहा कि प्रदेश में आपदा से लोग त्रस्त हैं, लेकिन सरकार का प्रबंधन कहीं भी नहीं दिख रहा है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस भारी मतों से चुनाव जीतेगी। बसंत ऋतु आ चुकी है। भाजपा नें देश में लोकतंत्र को खत्म करने का लगातार काम किया है। कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने कहा किं इस बार आमने-सामने का मुकाबला है।

विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि देश को बचाने के लिए सभी को आज आगे आने की जरूरत है। उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि कभी-कभी किसी को इतिहास बनाने का मौका मिलता है। इस समय जनता ने मन बना लिया है।

**इन्होंने भी किया सभा को संबोधित :** बागेश्वर में चुनावी सभा को हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, धारचूला विधायक हरीश धामी, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, द्वाराहाट विधायक मदन बिष्ट, हेमा पुरोहित, ललित फर्स्वाण, महेंद्र लुंठी, हरीश ऐठानी आदि ने भी संबोधित किया।

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम द पायनियर
दिनांक 18 AUG 2023

# Congress, UKD and SP candidates file nomination for Bageshwar bypoll

PNS ■ BAGESHWAR

On the last day for filing nominations for the Bageshwar Assembly by-elections, Congress candidate Basant Kumar, Uttarakhand Kranti Dal candidate Arjun Dev and Samajwadi Party candidate Bhagwati Prasad Trikoti filed their nominations on Thursday. The Bharatiya Janata Party candidate and widow of the late cabinet minister and Bageshwar MLA Chandra Ram Dass, Parvati Dass had filed her nomination a day earlier on Wednesday. After the nomination on Thursday, a public meeting was held in support of the Congress candidate at Numaishkhet ground. The Pradesh Congress Committee president Karan Mahara, leader of opposition Yashpal Arya and other senior leaders of the party were present in the event. On the other hand, former MLA Pushpesh Tripathi was also present during the filing of nomination by UKD candidate.



According to observers, as has been seen in the past in Assembly elections and by-elections, the family member of the deceased MLA has won the bypoll comfortably. In 2019, the widow of late Finance minister and Pithoragarh MLA Prakash Pant, Chandra Pant won the Assembly by-election necessitated by the demise of the cabinet minister. Later, in 2022, Mahesh Jeena, the brother of the late Salt MLA Surendra Singh Jeena also won the Assembly by-election. Both the MLAs were BJP leaders. Poll pundits opine that this time too the trend is likely to be repeated and the widow of the late MLA is expected to win especially as the candidate belongs to the party in office. On the other hand, the PCC president Karan Mahara has claimed that the Congress will win the election comfortably if it is conducted in a fair manner.

हिन्दुस्तान टाइम्स

# CONG CANDIDATE FILES NOMINATION FOR BAGESHWAR ASSEMBLY BYPOLL

**DEHRADUN:** Congress candidate Basant Kumar on Thursday filed his nomination papers for the Bageshwar bypoll scheduled to be held on September 5, in the presence of senior party leaders.

Mathura Dutt Joshi, Congress state vice president said he is hopeful that Basant Kumar will win the elections as he had performed well in last year's assembly polls when he had secured over 16000 votes from the same seat.

On August 13, Basant Kumar, who was an Aam Aadmi Party (AAP) candidate and had unsuccessfully contested the 2022 Uttarakhand assembly election from the Bageshwar seat, joined Congress ahead of the bypoll in the same constituency on August 13. In the 2022 Assembly election, the BJP's Chandan Ram Dass won the seat securing 32,211 votes, while Congress's Ranjeet Das obtained 20,070 votes, and Basant Kumar secured 16,109 votes.

Bageshwar assembly seat had been lying vacant after the death of local MLA and cabinet minister Chandan Ram Das, who was a four-time MLA from this seat. He won the seat for the first time in 2007 defeating Congress candidate Ram Prasad Tamta. He again retained the seat in 2012 defeating Tamta.

On Wednesday, Parvati Das, wife of late minister Chandan Ram Das, had filed her nomination in the presence of BJP state president Mahendra Bhatt and animal husbandry minister Saurabh Bahuguna. HTC

# ला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर। दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

: suchanabageshwar@gmail.com मोबाईल नं0- 7055007026

हिंदुस्तान दिनांक- 18/08/2023




बागेश्वर में गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या का स्वागत करते कार्यकर्ता। • हिन्दुस्तान



बागेश्वर में गुरुवार को नुमाईशखेत मैदान में आयोजित जनसभा में मौजूद लोग।

## कांग्रेस ने प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करने के बाद नुमाईशखेत मैदान में की सभा, प्रदेश अध्यक्ष ने किया संबोधित


# पार्टी व प्रत्याशी के वोट से जीतेगी कांग्रेस : माहरा

**बागेश्वर उपचुनाव**

बागेश्वर। माहरा ने कहा कि प्रदेश में आपदा से लोग त्रस्त हैं, लेकिन सराकर का प्रबंधन कहीं भी नहीं दिख रहा है। भर्ती घोटाला किसी से छिपा नहीं है।

प्रदेश के युवा खुद को ठगा महसस् कर रहे हैं। प्राधिकरण बागेश्वर के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बनकर आया है। इस कानून ने दो लोगों को आत्महत्या करने को मजबूर किया। इसके बावजूद सरकार ने इस काले कानून को नहीं बदला। चुनाव से पहले जिले से छह डॉक्टरों के तबादले हुए, लेकिन उनके बदले नये डॉक्टर यहां नहीं आए। लोग परेशान हैं, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस भारी मतों से चुनाव जीतेगी। बसंत ऋतु आ चुकी है। भाजपा ने लगातार देश में लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया है। कहा कि बागेश्वर का उपचुनाव कांग्रेस की झोली में होगा। साथ ही भाजपा के कुशासन का भी अंत होगा। कांग्रेस प्रत्याशी बंसत कुमार ने कहा कि उन्होंने ही बागेश्वर के चुनाव को हमेशा त्रिकोणी बनाया, जिसका लाभ भाजपा लेती रही। इस बार आमने-सामने का मुकाबला है और जीत भी उनकी सुनिश्चित है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद कुंजवाल ने कहा कि देश को बचाने के लिए सभी को आज आगे आने की जरूरत है। गांधी ने देश को अंग्रेजों से आजाद कराया, हमें मिलकर लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली हुई इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा।

उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि कभी- कभी किसी को इतिहास बनाने का मौका मिलता है। आज बागेश्वर की जनता को यह मौका मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा जवान होकर भारत की सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना देखता है, लेकिन भाजपा सरकार ने उन सपनों को भी तोड़ने का काम किया है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने की।



बागेश्वर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, यशपाल आर्या के साथ नामांकन दाखिल करते हुए प्रत्याशी बसंत कुमार।

### इन्होंने भी किया सभा को संबोधित

बागेश्वर। चुनावी सभा को हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व सासद प्रदीप टम्टा, धारचूला के विधायक हरीश धामी, अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी, द्वाराहाट के विधायक मदन बिष्ट, हेमा पुरोहित, ललित फर्स्वाण, महेंद्र लुंठी, हरीश ऐठानी आदि ने संबोधित किया।

### ये रहे मौजूद

सभा में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, पूर्व अध्यक्ष गीता रावल, राजेंद्र टंगड़िया, राजेंद्र परिहार, बबलू नेगी, सुनील भंडारी, बसंत पाठक, गोपाल राम, जिला पंचायत सदस्य पूजा आर्या, भीम कुमार आदि मौजूद रहे।

## 'चम्पावत की तरह मनमानी नहीं करने देंगे बागेश्वर में'

- चुनाव ड्यूटी में कर्मचारियों की भूमिका पर रहेगी नजर
- निष्पक्ष चुनाव कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी

बागेश्वर, संवाददाता। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा बागेश्वर में भी चम्पावत की तरह मनमानी करने का माहौल तैयार कर रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता यहां मनमानी नहीं करने देंगे। चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों की भूमिका पर भी नजर रहेगी। निष्पक्ष चुनाव करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि निष्पक्ष चुनाव हुआ तो निश्चित ही नतीजा भी कांग्रेस के पक्ष मे होगा।

माहरा ने कहा कि भाजपा की कथनो और करनी मे काफी अतर है। चुनाव से पहले वह जो वादे करते हैं, उन पर अमल नहीं होता है। पटवारी भर्ती से लेकर सभी सरकारी नौकरी में घोटाले हुए हैं। युवा हजारों रुपये खर्च करने के बाद परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन जब रिजल्ट आने का समय होता है तो वह घोटाले की भेंट चढ़ जाता है। हर घर जल, हर घर नल योजना पूरी तरह फेल है। लोगों के घरों में नल तो लगाए गए, लेकिन पानी आज तक नहीं मिल रहा है। सीवर लाइन की घोषणा बागेश्वर में पिछले 20 साल से हो रही है, लेकिन निर्माण आज तक नहीं हुआ है।

### अग्निपथ योजना खत्म कर पुरानी योजना वापस लाएंगे

बागेश्वर। सभा के दौरान कांग्रेस नेताओ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्र मे आते ही अग्निपथ योजना खत्म कर पुरानी योजना शुरू की जाएगी। पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। पुलिस कर्मियों की 4600 ग्रेड पे वापस लाया जाएगा। लोगों का अहित नही होने दिया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाकर महंगाई से परेशानी को बढाने का काम किया है।

ला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर
प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।
. suchanabageshwar@gmail.com
दूरभाष/फैक्स- 05963-221011
मोबाईल नं0- 7055007026

उत्तर उजाला
दिनांक- 18 / 08 / 2023

# विधान सभा उपचुनाव को तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन




नामांकन पत्र दाखिल करते सपा प्रत्याशी त्रिकोटी व उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव

**बागेश्वर।** विधान सभा उपचुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि पर तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। जिसके बाद तीनों प्रत्याशियों ने विधान सभा चुनाव लड़ने के लिए अपने-अपने उद्देश्य को जनता के बीच साझा किया।

गुरुवार को जिले में रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय पहुंचे कांग्रेस के प्रत्याशी बसंत कुमार ने अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन कराया। बसंत साथ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अधिक करन मेहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व विधायक ललित फर्सवान, पूर्व अध्यक्ष लोकमणि पाठक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी मौजूद थे। इस मौके पर बसंत कुमार ने कहा कि दुर्भाग्य से जिले से कैबिनेट मंत्री स्व. दास का निधन होने के बाद चुनाव हो रहे हैं। जनपद वासियों ने हर बार एक काबिल व्यक्ति को जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए विधान सभा भेजा है। इस बार भी जनता एक योग्य और काबिल व्यक्ति को चुनकर विधान सभा भेजेगी। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जहां एक ओर उनके सुप्रीमो पीएम मोदी परिवार वाद को बढ़ावा देने का आरोप लगातार कांग्रेस पर लगाते है। वे खुद परिवाद को बढ़ावा देने वाले नेता है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण बागेश्वर उप चुनाव में दिख रहा है। इसके साथ ही गुरुवार को नामांकन करवाने सपा के भगवती प्रसाद त्रिकोटी व उक्रांद के अर्जुन देव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सपा प्रत्याशी त्रिकोटी के साथ उनके प्रस्तावक सुरेश परिहार प्रदेश उपाध्यक्ष, अरविंद यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष चंपावत ललित मोहन, आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर त्रिकोटी ने कहा कि प्रदेश को बारी बारी से लूटने वाली सरकारों को इस बार बागेश्वर उपचुनाव में जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि वे बागेश्वर के चहमुखी विकास वो लिए चुनावी मैदान में हैं। वहीं उक्रांद के प्रत्याशी अर्जुन देव ने अपने प्रस्तावक जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी, राजेश, चंद्र नीरज कुमार, नरेंद्र कुमार के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर प्रत्याशी अर्जुन ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को न चाहने वाले आज प्रदेश की बागडोर संभाले हुए है। जबकि उत्तराखंड क्रांति दल ने पूर्व राज्य उत्तर प्रदेश से लड़ाई लड़कर नए राज्य का गठन किया, लेकिन भाजपा और कांग्रेस ने राज्य बनने के बाद बारी बारी से प्रदेश को लूटा।

लेकिन अब जनता उनके इस मुखौटे को भली भांति पढ़ चुकी है। जिसका एक उदाहरण जनता बागेश्वर उपचुनाव में देगी।

# ...ला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

...suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026


दै0 जाग(1)

नामांकन

# कांग्रेस के बसंत कुमार ने किया नामांकन

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने गुरुवार को नामांकन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी मौजूद रहे। वहीं, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश परिहार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अरविंद यादव की मौजूदगी में नामांकन किया। उक्रांद के अर्जुन देव व उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के भगवत कोहली ने भी गुरुवार को ही नामांकन किया।

**अब छह प्रत्याशी मैदान में**

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | पार्वती दास |
| कांग्रेस | बसंत कुमार |
| सपा | भगवती प्रसाद त्रिकोटी |
| यूकेडी | अर्जुन देव |
| उपपा | भगवत कोहली |
| निर्दलीय | जगदीश प्रसाद |



कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार (मध्य) ने गुरुवार को नामांकन किया • जागरण



उक्रांद के अर्जुन देव (मध्य) ने नामांकन दाखिल किया • जागरण



उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के भगवत कोहली (मध्य) नामांकन के बाद • जागरण

उत्तर उजाला

दिनांक- 18/08/2023

# कांग्रेस का राज्य सरकार की नीतियों पर प्रहार

## शक्ति प्रदर्शन के साथ पार्टी प्रत्याशी बसंत कुमार ने दाखिल किया नामांकन पत्र

- मनमर्जी से लोगों पर नियम-कानून थोप रही भाजपा सरकार
- प्रदेश में भ्रष्टाचार एवं अत्याचार के अलावा और कुछ नहीं



नामांकन दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार

बागेश्वर। विधान सभा उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार एडवोकेट बसंत कुमार ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इसके बाद स्थानीय नुमाइश खेत में विशाल जनसभा का आयोजन कर शक्ति प्रदर्शन किया। सभा में पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने कार्यकर्ताओं ने जोश भरने के साथ राज्य सरकार की नीतियों पर प्रहार किया।

सभा में मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि आज पूरा देश व प्रदेश भाजपा की कुनीतियों से पीड़ित है। देश की जनता ने देखा विगत कुछ दिन पूर्व लोक सभा एवं राज्य सभा में किस प्रकार भाजपा ने अपनी मनमर्जी से लोगों पर अपने नियम-कानून थोपने शुरू कर दिए हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं अन्य प्रधानमंत्री मोदी से मणिपुर की घटना, देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा आदि पर चर्चा करने की मांग करते रहे, लेकिन मोदी अपनी कमियों को छुपाने के लिए अतीत में जाते हैं। उन्होंने बागेश्वर में होने जा रहे उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर बाबा बागनाथ की पावन धरती से भाजपाइयों को एक संदेश देने की बात कही। भुवन कापड़ी ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा अपनी मनमर्जी पर उतारू हो गई है। सदन में विपक्ष के सवालों का जवाब देने के बजाय उनका समय कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन की बात करने वाली भाजपा आज प्रदेश में भ्रष्टाचार एवं अत्याचार के अलावा कुछ नहीं कर रही है। प्रदेश सरकार एक परीक्षा तक पाक-साफ तरीके से नहीं करवा पा रही है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार दीए के नीचे अंधेरा वाली थीम पर चल रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बागेश्वर में पिछले कई वर्षों से चंदनराम दास पर जनता ने भरोसा किया, लेकिन उनकी 13 प्रतिशत अंक पाने वाले लाभार्थी को नौकरी दिलाने वाली नीति ने जनता के साथ खिलवाड़ किया। जिसे जनपद के लोग किसी भी सूरत में नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा यदि भाजपा जनता का भला चाहती तो (शेष पृष्ठ 8 पर)

ल्लभ
लाश
बिट
होगी।
दीश
ांकन
लोग

पित।

...सूचना अधिकारी

जिलाधिकारी

# ला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।
suchanabageshwar@gmail.com
दूरभाष/फैक्स- 05963-221011
मोबाईल नं0- 7055007026

हिन्दुस्तान

दिनांक- 18 / 08 / 2023

## बदलाव की हवा का कांग्रेस को लाभ'


- अगले सप्ताह प्रचार में जुटेंगे हरीश रावत
- कहा-भाजपा के खिलाफ आक्रोश जता रही जनता

देहरादून, मुख्य संवाददाता। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा है कि, बागेश्वर में कांग्रेस को परिवर्तन की हवा का लाभ मिलेगा। रावत ने दावा किया है कि वहां जनता भाजपा सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश का प्रदर्शन करेगी।

गुरुवार को अपने आवास पर आयोजित घी संग्रांद के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में हरीश रावत ने कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार का उल्लेख करते हुए कहा कि बसंत परिवर्तन का प्रतीक होता है। इस तरह बागेश्वर की जनता भी परिवर्तन का साथ देते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी। हरीश रावत ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है, बागेश्वर का चुनाव परिणाम इसकी पुष्टि करेगा। रावत के मुताबिक भाजपा सहानुभूति के चलते थोड़ा बहुत लाभ लेने की सोच सकती है, लेकिन उसे इससे ज़्यादा नुकसान लोगों की नाराजगी का उठाना पड़ेगा। रावत ने बताया कि नामांकन से जुड़ी सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वो तीन चार दिन बागेश्वर में प्रचार करने जाएंगे। इसीलिए उन्होंने पार्टी नेतृत्व से नामांकन में शामिल होने से छूट मांगी थी।

## बसपा ने नहीं कराया नामांकन

बागेश्वर। बसपा प्रत्याशी ओमप्रकाश ने दो दिन पहले नामांकन पत्र तो लिया, लेकिन अंतिम दिन नामांकन नहीं कराया, जबकि गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने ताल ठोकी थी। बागेश्वर उपचुनाव में उम्मीद थी की बहुजन समाज पार्टी भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। लेकिन नामांकन के आखिरी दिन भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया।



बागेश्वर में गुरुवार को नामांकन कराते सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी।

## तीसरा विकल्प खोज रहा उत्तराखंडः सपा

बागेश्वर। सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने कहा कि आज उत्तराखंड की जनता तीसरे विकल्प को खोज रही है। सपा ही प्रदेश में तीसरा मजबूत विकल्प है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश परिहार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अरविंद यादव, ललित मोहन भट्ट, जिला पंचायत सदस्य अयोध्या पवन सरोद, उत्तराखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष एसके राय आदि मौजूद रहे।



बागेश्वर में नामांकन कराने के बाद लोगों का अभिवादन करते उपपा प्रत्याशी।

## भाजपा- कांग्रेस को समझ चुकी है जनताः उपपा

बागेश्वर। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की ओर से भगवत कोहली ने कहा कि प्रदेश में नौकरी के नाम पर भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। वहीं लोग आज लोगों को सुनहरा भविष्य का सपना दिखा रहे हैं। उन्होंने ऐसे गिरगिटों से सावधान रहने की अपील की। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि लोग अब भाजपा-कांग्रेस को की नीतियों को समझ चुके हैं। उनकी पार्टी जन मुद्दों की बात करती है।

# ...ला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

...: suchanabageshwar@gmail.com

मोबाईल नं0- 7055007026


अमर उजाला

दिनांक- 18/08/2023



गरुड़ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को फूलों की माला पहनाते कार्यकर्ता। संवाद

## भाजपा इस बार भी रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीतेगी : भट्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

गरुड़ (बागेश्वर)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास बागेश्वर विधान सभा उप चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतेंगी।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास ने चार बार के विधायक कार्यकाल में बागेश्वर विधान सभा क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्य किए हैं। भाजपा सरकार बागेश्वर विधान सभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर व्यक्ति कों केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा करने के लिए कहा। प्रत्याशी पार्वती दास ने कहा कि स्वर्गीय मंत्री दास के अधूरे विकास कार्य हर हाल में पूरा करुंगी। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि बागेश्वर और कपकोट विधान सभा में भाजपा संगठन सालों से मजबूत है।

सभा को भाजपा के जिला प्रभारी वीरेंद्र वल्दिया, रंजीत दास, शिव सिंह बिष्ट, बसंती देव, घनश्याम जोशी, मंगल राना आदि ने संबोधित किया।



गरुड़ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को सुनने पहुचे कार्यकर्ता। संवाद

हिन्दुस्तान



बागेश्वर में गुरुवार को नामांकन कराते उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव। • हिन्दुस्तान

## उक्रांद ने कांग्रेस पार्टी और भाजपा पर निशाना साधा

**सियासत**

बागेश्वर, संवाददाता। आरओ कार्यालय में उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी अर्जुन देव ने नामांकन किया। नामांकन कराने के बाद अर्जुन देव ने कहा कि जो लोग हमेशा उत्तराखंड के विरोधी रहे वहीं आज बारी-बारी से प्रदेश को लूटने का काम कर रहे हैं। उनकी पार्टी स्थायी राजधानी गैरसैंण बनाने के पक्षधर है और रहेगी।

इस बार लोगों का उनके पार्टी के प्रति रुझान बढ़ा है। पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी ने भी भाजपा और कांग्रेस पर प्रहार किया। लोगों से अर्जुन के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज जोशी, हीरा बल्लभ भट्ट, भुवन कांडपाल, कैलाश चंदोला, राजेश कुमार, आनंद बिष्ट आदि मौजूद रहे।

अब नामांकन पत्रों की जांच होगी। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जगदीश चंद्र ने नामांकन कराया। नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद छह लोग मैदान में हैं।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

...l: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026

अमर उजाला

दिनांक- 18/08/2023


# आखिरी दिन विपक्ष ने कराया नामांकन

## कांग्रेस से बसंत कुमार, उक्रांद से अर्जुन देव सहित पांच लोगों ने भरे पर्चे, बसपा की ओर से नहीं किया गया नामांकन




संवाद न्यूज एजेंसी

**बागेश्वर।** विधानसभा उप चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन विपक्ष दलों के उम्मीदवारों ने अपने-अपने पर्चे दाखिल किए। इनमें कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, समाजवादी पार्टी, उत्तराखंड परिवर्तन दल (उपपा) के साथ ही एक निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। बसपा प्रत्याशी ने नामांकन पत्र लिया था लेकिन पर्चा दाखिल नहीं किया।



उपपा के प्रत्याशी भगवत कोहली।

कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल, कांग्रेस नेता सुनील भंडारी, रमेश भंडारी की मौजूदगी में रिटर्निंग कार्यालय में नामांकनपत्र दाखिल किया। उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव, उपपा प्रत्याशी भगवत कोहली, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी, निर्दलीय जगदीश चद्र ने समर्थकों के साथ नामांकन किया। उपपा के प्रत्याशी के नामांकन के दौरान पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी मौजूद थे।

रिटर्निंग अधिकारी हरगिरि के अनुसार 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 अगस्त नाम वापसी का दिन है। प्रत्याशियों की असल स्थिति 21 अगस्त को ही साफ होगी। बता दें किभाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने बुधवार को पर्चा दाखिल किया था। कुल नामांकन की संख्या छह हो गई है।





बागेश्वर में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में नामांकन कराते कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार और यूकेडी प्रत्याशी अर्जुन देव। संवाद



बागेश्वर में नामांकन कराते सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी। संवाद

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ/निर्देशनार्थ प्रेषित।

जिला सूचना अधिकारी

जिलाधिकारी

[illegible]

# ला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026

अमर उजाला

दिनांक- 18, 08, 2023


# बागेश्वर का उपचुनाव लोकसभा चुनाव का मार्ग प्रशस्त करेगा: माहरा

**कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के समर्थन में हुई सभा में बोले प्रदेश अध्यक्ष**

संवाद न्यूज एजेंसी

बागेश्वर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने उप चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित बताते हुए कहा कि यह चुनाव लोकसभा चुनाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भूमाफिया, खनन माफिया हावी हैं, जनता परेशान है।

कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के समर्थन में नुमाइशखेत मैदान में हुई सभा में माहरा ने कहा कि भाजपा के राज में जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है। मणिपुर में क्या हुआ, देश की पहलवान बेटियों के साथ क्या हुआ, यह किसी से छुपा नहीं है। बागेश्वर में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। चार बार विधायक रहने के बाद भी स्वर्गीय चंदन राम दास बागेश्वर के विकास के पहिये को आगे नहीं बढ़ा पाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों पर फिर से नियुक्तियां होंगी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फतह मिलना तय है। केंद्र में सरकार बनते ही सेना में अग्निपथ योजना समाप्त की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की अर्थ व्यवस्था चौपट हो गई है। सरकार पर एक लाख पांच हजार करोड़ का कर्ज है। कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। भाजपा अपनों का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के लोगों को मुख्य धारा में लाने का काम किया। आज समाज को बांटा जा रहा है। जनता कुशासन से मुक्ति के लिए फैसला कांग्रेस के पक्ष में देगी।

कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने कहा कि आज तक कांग्रेस और उनके (बसंत) समर्थकों के वोट बंटते रहे हैं। यही कारण था कि भाजपा लगातार जीत रही थी। आज परिस्थिति अलग है। वोट बंटने वाला नहीं है। जीत कांग्रेस की होगी। उन्होंने कहा कि उनके समर्थक यहां तक कि उनके समर्थक कांग्रेस में शामिल होने की सलाह देते थे। यहां तक कि उनके पिताजी ने भी यह सलाह दी, लेकिन मेरा मानना था कि कांग्रेस, भाजपा परंपरागत पार्टी में नहीं जाऊंगा लेकिन मतों का ध्रुवीकरण रोकने के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं है। संचालन महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, राजेंद्र टंगड़िया ने किया। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी बसंत कुमार के आवास मंडलसेरा से सभास्थल नुमाइशखेत मैदान तक रैली निकाली।



बागेश्वर के नुमाइशखेत मैदान में प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं का स्वागत करते कांग्रेसी। संवाद

**ये रहे मौजूद** उपनेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी, धारचूला के विधायक हरीश धामी, द्वाराहाट के विधायक मदन बिष्ट, हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस के जिला प्रभारी महेंद्र लुंठी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल, गोपाल दत्त भट्ट, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, पूर्व जिलाध्यक्ष कवि जोशी, भगवत रावल, इंदिरा जोशी, लक्ष्मी धर्मशक्तू आदि।



बागेश्वर के नुमाइशखेत मैदान में आयोजित कांग्रेस की जनसभा के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां। संवाद

## खाली कुर्सियां: भाषण से सोशल मीडिया तक

बागेश्वर। अपने भाषण में बसंत कुमार ने कहा कि भाजपा के लोग अफवाह फैलाने में माहिर होते हैं। वह सोशल मीडिया में खाली कुर्सियों की फोटो डाल देंगे। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भी कहा कि उन्हें अभी-अभी पता चला है कि भाजयुमो का एक नेता खाली कुर्सी की फोटो खींचकर ले गया है। उन्होंने कहा कि अब तक लोग बैठे थे। देर होने पर चले गए। भाजपा के लोगों को कांग्रेस की खाली कुर्सियों की फोटो वायरल करने के साथ ही बुधवार के सीएम के संबोधन की फोटो भी डालनी चाहिए, तब पता लगेगा। उस समय कितने लोग पंडाल में थे। सभा की समाप्ति के बाद भाजपा समर्थकों की फेसबुक पोस्ट पर कांग्रेस की सभा की फोटो वायरल होने लगी। संवाद

## कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

बागेश्वर। कांग्रेस की सभा में राजू नेगी, दिनेश राम, शिव कुमार, हरीश राम, बालम प्रसाद समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इन लोगों को सदस्यता दिलाई। संवाद

## कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन समारोह में हर गांव से पहुंचे कार्यकर्ता

गरुड़। कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के नामांकन समारोह में विकास खंड गरुड़ के हर गांव से कार्यकर्ता नुमाईश मैदान पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह अपने गांव से बैजनाथ तिराहे पर पहुंचे। वहां से कांग्रेस कार्यकर्ता वाहनों से बागेश्वर पहुंचे। इस कारण बागेश्वर बैजनाथ मोटर मार्ग वाहनों के आवागमन से दिन भर अव्यवस्था रही। संवाद

दै० जागरण

दिनांक- 18 / 08 / 2023

# बागेश्वर उपचुनाव प्रदेश की राजनीति को देगा अब नई दिशा : करन माहरा

## संविधान की रक्षा और पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करेगी कांग्रेस

सभा



नुमाइशखेत मैदान पर आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का स्वागत किया गया •

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देगा। भीमराव आंबेडकर के संविधान को बचाने और पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष करने के लिए कांग्रेस का जीतना जरूरी है। अग्निपथ योजना पर भी कांग्रेस लगातार प्रहार कर रही है। गुरुवार को ऐतिहासिक नुमाइशखेत मैदान पर कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बागेश्वर महायोजना के तहत पहली आत्महत्या बागेश्वर में हुई। इस महायोजना के चेयरमैन यहां के पूर्व विधायक स्व. चंदन राम दास ही थे। उन्होंने कभी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। राज्य में कानून व्यवस्था चौपट है। अंकिता हत्याकांड के पीछे कौन वीआइपी था, उसका पर्दाफाश नहीं हुआ। कांग्रेस एक विचारधारा है। जीरो टालरेंस की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। अस्पताल में चिकित्सक, विद्यालयों में शिक्षक नहीं हैं। सड़क पर गड्ढे, हर घर नल में जल नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि देश में परिवर्तन की लहर है। कुली बेगार का अंत बागेश्वर की धरती से हुआ था। आज भाजपा के अहंकार का खात्मा भी बागेश्वर की जनता ही करेगी। यह उपचुनाव बागेश्वर की दशा तो बदलेगा ही, इसका परिणाम आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव का शंखनाद भी करेगा। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। शिल्पकार समाज को मुख्यधारा में कांग्रेस लाई। लेकिन भाजपा देश को बांटने का काम कर रही है। कांग्रेस की वापसी भविष्य की जरूरत है। राहुल को देश प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है। कांग्रेस मजबूत होगी तो आम जनता मजबूत होगी। अपने हक के लिए सड़कों पर उतरे बेरोजगारों पर सरकार ने मुकदमे दर्ज किए। कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक प्रदर्शन किया, जिससे झुककर सरकार अब मुकदमे वापस ले रही है। उपनेता सदन प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास जीतना ही बड़ी उपलब्धि है। उत्तराखंड का युवा स्वाभिमानी है। उसके स्वाभिमान को तोड़ने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। खटीमा की जनता ने मुख्यमंत्री रहते धामी को चुनाव हराकर मुझे विधानसभा में भेजा। ठीक उसी प्रकार जनता इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार को विजयी बनाकर सरकार को कड़ा संदेश दे।

विधायक मदन बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस ने जब-जब एकजुट होकर चुनाव लड़ा, तब-तब मजबूती से चुनाव जीता भी। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, विधायक हरीश धामी, विधायक सुमित हृदयेश, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित भी मौजूद रहीं।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026


दै० जागरण

दिनांक- 18 / 08 / 2023

## विकास का नया इतिहास लिखा : भट्ट

**जाटी, बागेश्वर** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है। विकास का नया इतिहास लिखा जा रहा है। विपक्षी परेशान हैं। अनर्गल बयानबाजी उनका काम है। विधानसभा बागेश्वर उपचुनाव हो रहा है। जिसमें कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरे लगन, मेहनत से काम करेंगे।

गुरुवार को गरुड़ मंडल के बूथ कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने जो कहा है, वह किया है। स्व. चंदन राम दास ने बागेश्वर के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। उनकी पत्नी पार्वती दास उपचुनाव की प्रत्याशी हैं। भाजपा संगठन अनुशासित है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है। जिसका निर्वहन करना है। उन्होंने आगामी पांच सितंबर को मतदान में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर किया है। लव-जेहाद, लैंड जेहाद, अतिक्रमण आदि पर प्रहार किया है। भ्रष्टाचार पर चोट की और नकल विरोध कानून बनाया हैं। कहा कि युवाओं का भविष्य भाजपा में सुरक्षित है। पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि बेहतर परिणाम दिलाने के लिए कार्यकर्ता तैयार हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, सांसद अजय टम्टा, विरेंद्र बल्दिया, अनिल शाही, रंजीत दास भी मौजूद रहे।



गरुड़ बूथ सम्मेलन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संबोधित किया • जागरण

दै० जागरण

## भाजपा और कांग्रेस का चुनोवी रण तैयार

**जासं, बागेश्वर** : अनुसूचित जाति विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने रण तैयार कर लिया है। भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। जिसमें मुख्यमंत्री समेत पूर्व मुख्यमंत्री और तमाम दिग्गज शामिल हैं। वहीं, कांग्रेस ने भी प्रदेश अध्यक्ष समेत पूर्व सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचार की कमान सौंप दी है। ऐसे में विधानसभा उपचुनाव के रोमांचक रहने की स्थिति बन रही है।

उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन करा लिया है। दोनों पार्टियों ने नुमाइशखेत मैदान पर जन सभाएं भी आयोजित की। सभा में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की बरसात की गयी। चुनाव बैतरणी पार करने के लिए वोटरों को रिझाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। फिलवक्त भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। भाजपा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास को लेकर जनता की बीच में है। वहीं, कांग्रेस मणिपुर से लेकर उत्तराखंड तक महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर चुनाव समर में है। नामांकन के बाद चुनाव प्रचार भी तेज हो गया है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव की खाक छान रहे हैं। अलबत्ता पांच सितंबर को मतदान और आठ को मतगणना के बाद ही जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, स्पष्ट हो सकेगा।

> उपचुनाव में संगठन बेहतर काम कर रहा है। मुख्यमंत्री समेत 40 स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में उतारे गए हैं। निश्चित तौर पर सफला भाजपा की झोली में जाएगी। - राजेंद्र बिष्ट, चुनाव प्रभारी, भाजपा

> भाजपा कार्यकाल से लोग परेशान हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न आदि मुद्दों को लेकर उपचुनाव में प्रत्याशी को उतारा है। पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव कांग्रेस के पक्ष में जाएगा।
>
> - करन माहरा, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस

**कार्यकर्ताओं ने बदला पाला** : भाजपा और कांग्रेस में पाला बदल खेल भी चल रहा है। कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रंजीत दास के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस भैरव नाथ टम्टा, गोपाल राम और कमल

ला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर
प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर। दूरभाष/फैक्स- 05963-221011
suchanabageshwar@gmail.com मोबाईल नं0- 7055007026

हिन्दुस्तान

दिनांक- 18 / 08 / 2023

# कांग्रेस, उक्रांद, उपपा समेत पांच ने कराया नामांकन

**बागेश्वर उपचुनाव**

- कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार, उक्रांद से अर्जुन देव ने भरा पर्चा
- सपा से भगवती प्रसाद, उपपा से भगवत कोहली ने नामांकन भरा

बागेश्वर, संवाददाता। बागेश्वर उपचुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को कांग्रेस, उक्रांद, सपा और उपपा समेत पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार के अलावा उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी, उपपा प्रत्याशी भगवत कोहली और एक निर्दलीय ने भी नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह मंडलसेरा में इकट्ठा हुए। यहां से कांग्रेस का जुलूस नुमाईशखेत मैदान तक पहुंचा। पार्टी कार्यकर्ता सभास्थल में ही रुक गए, जबकि प्रत्याशी बसंत कुमार पांच लोगों के साथ तहसील परिसर में रिटर्निंग अफसर के कार्यालय पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस प्रत्याशी ने आरओ हरगिरि को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन पत्र दाखिल करते समय बसंत कुमार के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेंद्र टंगड़िया और पूर्व पालिकाध्यक्ष सुनील भंडारी मौजूद रहे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि नामांकन के साथ ही बागेश्वर में कांग्रेस का चुनावी संग्राम शुरू हो गया है। यशपाल आर्य ने कहा कि आज कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इसका लाभ भी उपचुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। बागेश्वर में उपचुनाव पांच सितंबर को होना है। ➤संबंधित खबर P04

दै० जागरण

# तिलस्यारी में निकाली मतदान जागरूकता रैली

संसू, गरुड़ : बूथ तिलसारी, पूर्वी अर्यारतोली समेत दूरस्थ क्षेत्रों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रत्येक मतदाता को आगामी पांच सितम्बर को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही वोट देने के लिए जानकारी दी गई व स्कूली बच्चों की सहायता लेने हेतु भी कहा गया। बच्चों ने पोस्टर व बैनर भी घर-घर जाकर चिपकाए।

सह नोडल स्वीप, उमेश जोशी ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता तथा मतदान से संबंधित वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन और दिव्यांग मतदाता मतदान के संबंध में जानकारी दी। मतदान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया व बच्चों को पुरस्कार दिए गए। इस दौरान पूर्व बीईओ गोविंद प्रसाद कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश चंद्र खोलिया, प्रधानाचार्य ममता जोशी, सुरेंद्र बिष्ट, गिरीश पंत, गोपाल प्रसाद, हरिमोहन कंसेरी, जसवीर सिंह, जीवन गिरी, अंजू गुरुरानी, सुमन कोहली, प्रेमलता कांडपाल आदि उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान

# केंद्र व प्रदेश की योजनाओं का मिलेगा भाजपा को लाभ

गरुड़। भाजपा ने जिला मुख्यालय में सीएम की सभा के बाद गुरुवार को गरुड़ में सभा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने महेंद्र भट्ट ने केडी पांडे रामलीला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लाभ इस उपचुनाव में उन्हें मिलेगा। दिवंगत मंत्री दास ने क्षेत्र के विकास के लिए जो काम किए हैं उसे लोग लंबे समय तक नहीं भूल पाएंगे। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, पुष्कर काला, जगदीश आर्य, त्रिलोक सिंह बुटोला आदि मौजूद रहे।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

E-mail: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026

राष्ट्रीय सहारा

दिनांक- 17/08/2023

## पार्वती दास बागेश्वर से भाजपा प्रत्याशी



■ बागेश्वर में रिकॉर्ड मतों से जीतेगी भाजपा : महेंद्र भट्ट

■ बाहर से प्रत्याशी लाकर कांग्रेस ने स्वीकार की हार

देहरादून (एसएनबी)। भाजपा ने बागेश्वर उप चुनाव में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चंदनराम दास की पत्नी पार्वती दास को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड ने राज्य से भेजे गए नाम में से पार्वती दास को बागेश्वर उपचुनाव के लिए पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है।

भट्ट ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार पार्वती स्व.रामदास की जीवनसंगिनी होने के नाते उनके समस्त सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यो में पूरी तरह जुड़ी रही हैं। लिहाजा जनप्रिय स्व. रामदास के क्षेत्रीय विकास को लेकर देखे गए सपनों को आगे बढ़ाने के लिए पार्वती दास को आगे करना वहां के जनमानस की अपेक्षा के अनुरूप है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता स्व.चंदन राम दास ने बागेश्वर के विकास के लिए अविस्मरणीय काम किए। जिसके कारण स्थानीय कार्यकर्ताओं की भावनाएं और जनता का विश्वास, बागेश्वर के प्रतिनिधित्व के लिए उनके जैसे व्यक्तित्व के ही पक्ष में था।भट्ट ने दावा किया कि बागेश्वर की जनता विकास के (शेष पेज 15)

हिन्दुस्तान

## पार्वती का नामांकन, धामी बोले-टूटेगा पुराना रिकॉर्ड

**बागेश्वर उपचुनाव**

बागेश्वर, संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव में चम्पावत उपचुनाव का भी रिकॉर्ड टूटेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभा में उमड़ी भीड़ ने अपना फैसला आज ही सुना दिया है। हालांकि, मतदान पांच सितंबर को होगा। स्वर्गीय चंदन राम दास के अधूरे कार्यों को पार्वती दास पूरा करेंगी। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद नुमाईशखेत में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री धामी ने यह बात कही।

सीएम ने कहा कि वह एक साल पहले वह इसी मैदान में चंदन राम दास के लिए वोट मांगने के लिए आए थे। तब बागेश्वर की जनता ने चदन राम को रिकॉर्ड मतों से जिताया था। बागेश्वर की जनता पर फिर वही जिम्मेदारी आ गई है। >संबंधित खबर P05

### कांग्रेसः बसंत आज कराएंगे नामांकन

कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। गुरुवार यानि 17 अगस्त को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। पार्टी प्रत्याशी का नामाकन दाखिल करने को लेकर काग्रेस ने तैयारिया तेज कर दी हैं।

हिन्दुस्तान

## अध्यक्ष-मंत्री संभालेंगे प्रचार कमा

■ भाजपा ने उपचुनाव के लिए क्षेत्रों के प्रभारियों की तैनाती की

■ 20 अगस्त से प्रभारी मंत्री सौरभ बागेश्वर में डेरा जमाएंगे

बागेश्वर। भाजपा ने बुधवार को मुख्यमंत्री की जनसभा के बाद चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। अब भाजपा ने प्रदेश के मंत्रियों समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की तैनाती बागेश्वर उपचुनाव के लिए कर दी है। साथ ही विधानसभा के क्षेत्रों के प्रभारी की तैनाती कर दी है।

बागेश्वर नगर के लिए कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया, ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रदेश सहसंयोजक एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार, खरई क्षेत्र के लिए पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, गरुड़ के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट को जिम्मेदारी सौंपी है।

इसके अलावा चुनाव के दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पूरे चुनाव में खुद नजर रखेंगे। वहीं 20 अगस्त के बाद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा यहां डेरा जमाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत व सतपाल महाराज भी भाजपा संगठन में अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत व अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य पूरे चुनाव के दौरान बागेश्वर में रहेंगे।

कई संघ कार्यकर्ता व प्रदेश पदाधिकारी यहीं डेरा जमाएंगे औ चुनाव की तैयारियों की नियमित समीक्षा करेंगे।

### भाजपा ने उपचुनाव के लिए बनाए 40 स्टार प्रचारक

देहरादून। भाजपा ने बागेश्वर उप चुनाव,के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में पार्टी के चालीस नेताओं के नाम शामिल हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि इस सूची में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री, , सांसद, मंत्री, विधायक और संगठन के पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा बागेश्वर सीट के उपचुनावों को बड़े अंतर से जीतने जा रही है।

राष्ट्रीय सहारा

### सातमत पत्रों की हुई बिक्री

बागेश्वर। बागेश्वर विधानसभा उप चुनाव के लिए अब तक कुल सात नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। रिटर्निंग अधिकारी हर गिरो ने बताया कि सोमवार को बसपा से ओमप्रकाश ने एक सेट, उक्रांद से अर्जुन देव ने तीन सेट, भाजपा की पार्वती दास ने दो सेट, कांग्रेस के बसंत कुमार ने चार सेट व सपा से भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने दो सेट नामांकन के लिए खरीदे। उन्होंने बताया कि दो नामांकन पत्र पहले खरीदे जा चुके है।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

E-mail: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026

अमर उजाला



सोमेश्वर में सीएम का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। संवाद

## कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार आज नामांकन करेंगे

बागेश्वर। कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार बृहस्पतिवार को नामांकन करेंगे। नामांकन के दौरान कांग्रेस नगर में रैली निकालने के साथ ही नुमाइशखेत मैदान में सभा का आयोजन करेगी।

**18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी**

सभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कई विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नामांकन की तैयारियों में जोर-शोर से जुटी हुई है।

बृहस्पतिवार नामांकन का अंतिम दिन है। आखिरी दिन यूकेडी प्रत्याशी अर्जुन देव, बसपा प्रत्याशी ओम प्रकाश, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी भी नामांकन करेंगे। 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 21 अगस्त को नाम वापस लिए जा सकेंगे। संवाद

दिनांक- 17/08/2023

राष्ट्रीय सहारा

## कांग्रेस ने 'बसंत' को चुनावी रण में उतारा



बागेश्वर (एसएनबी)। कांग्रेस कमेटी ने बागेश्वर उपचुनाव में आप से गत दिवस कांग्रेस में आए बसंत कुमार पर भरोसा जताते हुए उन्हें पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। पार्टी प्रत्याशी के नाम की घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने कहा कि रंजीत के भाजपा में जाने के बाद उन्हें प्रत्याशी घोषणा करने में आसानी हुई। यहां एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रत्याशी की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि बसंत से वे पिछले छह माह से संपर्क में थे तथा उन्हें कांग्रेस में लाने का प्रयास चल रहा था। पैनल में रंजीत, बसंत समेत चार नाम भेजे थे। रंजीत के भाजपा में जाने के बाद उन्हें प्रत्याशी चयन में आसानी हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आगामी चुनाव में महंगाई, 13 अंक वाले अभ्यर्थी को चिकित्सक बनाने व 90 अंक वाले को बाहर करना, पटवारी, पुलिस दरोगा भर्ती घोटाला आदि प्रमुख मुद्दे होंगे। (शेष पेज 15)

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

E-mail: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026


हिन्दुस्तान

दिनांक- 17/08/2023

## शहर से गांव तक हर तरफ गूंजे देश भक्ति गीत

बागेश्वर, संवाददाता। जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाजार और कार्यालय में देशभक्ति नारों से गुंजायमान रहे। वरिष्ठ नागरिकों की प्रभातफेरी आयोजित हुई। विद्यालयों के बच्चे, एनसीसी व एनएसएस द्वारा राष्ट्रीय ध्वज व नारों के साथ प्रभातफेरी नगर में निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम नुमाईशखेत मैदान में हुआ। ध्वजारोहण के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। रंगारंग कार्यक्रम भी हुए।

नुमाईशखेत में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने ध्वजारोहरण कर सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।



बागेश्वर पार्टी दफ्तर में ध्वजारोहण कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माहरा व अन्य।

इसके बांद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव लाल वर्मा की वीरांगना नंदरी वर्मा, लक्ष्मण सिंह की वीरांगना भगवती देवी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं में जनपद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त विवेकानंद इंटर कॉलेज की ज्योति जोशी व जीआइसी पोथिंग के जीवन जोशी एवं इंटरमीडिएट में जीआइसी कांडा की छात्रा प्रिया पांडे, विवेकानंद इंटर कॉलेज के मनमोहन ब्रिष्ट के साथ ही हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड में आनंदी एकेडमी के चंद्र प्रकाश खेतवाल व इंटरमीडिएट में महर्षि विद्या मंदिर के लोकेश मेहरा को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। डीएम ने कहा कि संघर्षों व बलिदानों के बाद यह आजादी मिली है, इसे हमें अक्षुण्य बनाए रखना है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल व पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे सहित अन्य द्वारा शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला कार्यालय में जिलाधिकारी अनुराधा पाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया, पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे, विकास भवन में पीडी शिल्पी पंत व तहसील परिसर में एसडीएम ने ध्वज फहराया।

### कांग्रेस कार्यालय में फराया तिरंगा

बागेश्वर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पार्टी कार्यालय में तिरंगा फहराया। उन्होंने देश की आजादी में आंदोलनकारियों की भूमिका को अहम बताया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधायक प्रत्याशी बसंत कुमार, जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, गोपा धपोला, लक्ष्मी धमशक्तू, लोकमणि पाठक, दान सिंह टंगड़िया, किशन आदिम मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

## कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन आज

देहरादून। बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार, गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इससे पहले 15 अगस्त को पार्टी की ओर से अधिकारिक तौर पर बसंत कुमार का नाम बतौर प्रत्याशी घोषित किया गया, महासचिव मुकुल वासनिक की ओर से संबंधित पत्र जारी किया गया है। नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन और प्रशासन मथुरा दत्त जोशी के मुताबिक नामांकन प्रक्रिया के बाद पार्टी पूरी ताकत से प्रचार में जुटेगी। यहां प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य रहे।

### दमखम दिखाने की तैयारी में पार्टी

बागेश्वर। उपचुनाव में कांग्रेस कमेटी भी अपना दमखम दिखाने की तैयारी में है। वह किसी भी कीमत पर सीट को कब्जाने के लिए ऐढ़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इस बार चुनाव में कांग्रेस ने पूर्व में आप से चुनाव लड़कर जनाधार का परिचय देने वाले बसंत कुमार को मैदान में उतारा है। नामांकन के दौरान भाजपा के जवाब में वह भी नुमाईश मैदान में रैली करेगी। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सीएम हरीश रावत जनसभा को संबोधित करेंगे।

### कन्हैया कुमार की सभा कराने की कोशिश

कांग्रेस ने इस बार गत चुनावों के प्रत्याशी रंजीत के बजाय बसंत पर दांव खेलकर रंजीत समर्थकों को नाराज किया है। कांग्रेस बेरोजगार युवा मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार को भी बागेश्वर लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार वह इसके लिए बॉबी पंवार से संपर्क कर रही है। इसके अलावा पार्टी का प्रयास है कि इस उपचुनाव में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को बागेश्वर बुलाया जाए। वहीं नेता कन्हैया कुमार से भी जनसभा के लिए संपर्क किया जा रहा है।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

E-mail: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026


दिनांक- 17/08/2023

दै० जागरण

## चंदन की पार्वती को विकास के लिए दें वोट : धामी



बागेश्वर में मुख्यमंत्री धामी समेत अन्य नेताओं का स्वागत करते कार्यकर्ता ● जागरण

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि चंदन की पार्वती को विकास के लिए वोट दें। चंपावत की तरह यहां भी भाजपा के पक्ष में भारी मतदान होगा और यही स्व. चंदन राम दास को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके विकास कार्य आगे बढ़ेंगे।

बुधवार को ऐतिहासिक नुमाइशखेत मैदान में प्रत्याशी पार्वती दास के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि मानसखंड की यात्राएं भी शीघ्र उत्तराखंड में चलेंगी। बागनाथ मंदिर समेत 16 मंदिरों का सुंदरीकरण और विस्तारीकरण किया जा रहा है। बागेश्वर-टनकपुर रेल लाइन की घोषणा पिछले विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हल्द्वानी से की थी। इसका सर्वे हो रहा है और रेल भी आएगी। उत्तराखंड का चहुंमुखी विकास हो रहा है। शिलान्यास के साथ ही लोकार्पण भी किए जा रहे हैं। भाजपा ने महिलाओं को नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया है। आंदोलनकारियों को आरक्षण दिया जा रहा है। बागेश्वर को खोली में स्टेडियम दिया है। जिसकी डीपीआर तैयार है। रोडवेज डिपो बन गया है और पेट्रोल पंप का निर्माण हो रहा है। खोली में 100 बेड का अस्पताल बन रहा है। जेठाई, कौसानी, मंडलसेरा, खरेही, तरमोली में पेयजल योजनाएं बनाई हैं। पचना, रामपुर, घिरतोली, कोटूं, अणां, बिलौना समेत आठ लिफ्ट योजनाएं बनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, भाजपा का मतलब स्वास्थ्य, लव-जेहाद, लैंड जेहाद, अतिक्रमण पर वार, भ्रष्टाचार पर चोट, नकल विरोधी कानून, युवाओं का भविष्य सुरक्षित, अनुच्छेद 370 समाप्त करना, राम लला का भव्य मंदिर बनाना, नए भारत और उत्तराखंड का निर्माण करना है। सीएम ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि वह विकास को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। रंजीत दास कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उनके साथ कई समर्थक भी आए हैं। विरोधी दल के पास प्रत्याशी नहीं था। दूसरे दल से लाया गया है। ऐसे में जन समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है।

अमर उजाला

## दास का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति : धामी

*बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिवंगत मंत्री चंदन राम दास का निधन बागेश्वर और राज्य की अपूर्णीय क्षति है। उनका निधन मेरी (सीएम) व्यक्तिगत क्षति है। स्व. दास हमेशा बागेश्वर के विकास के लिए चिंतित रहते थे। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान मुलाकात होती थी, तो वह अपनी तबियत की चिंता छोड़ बागेश्वर की योजनाओं की ही बात करते थे। कहा मुझे छोटा भाई मानते थे। उनका आचरण हमेशा मर्यादापूर्ण रहा। वह सदा चंदन की तरह खुशबू बिखेरते रहे। चार बार विधायक, मंत्री रहे, लेकिन हमेशा बागेश्वर के लोगों का दास बनकर काम किया। संवाद*



बागेश्वर के नुमाइशखेत मैदान में जनसभा को संबोधित करने के दौरान रणसिंघा बजाते सीएम धामी। संवाद

## धामी, भट्ट, दुष्यंत समेत 40 नेता गरमाएंगे प्रचार

देहरादून। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम समेत पार्टी के 40 नेता प्रचार गरमाएंगे। भाजपा ने उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें पार्टी सांसदों व पूर्व मुख्यमंत्रियों व प्रदेश सरकार के मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं। उपचुनाव में जो नेता प्रचार करेंगे उनमें पार्टी की सह प्रभारी रेखा वर्मा, सांसद नरेश बंसल, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, सांसद अजय टम्टा, पूर्व सीएम व सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा, विधायक बिशन सिंह चुफाल, मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, डॉ. धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल,, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य, अजेय कुमार, आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, बलवंत सिंह भौर्याल, दिप्ती रावत, स्वराज विद्वान, नेहा जोशी, सुरेश गढ़िया, भोपाल राम, फकीर राम टम्टा, शेर सिंह गढ़िया, मीना गंगोला, बंसती देवी, शिव सिंह बिष्ट, वीरेंद्र बल्दिया, आशा नौटियाल, जोगिंदर पुंडीर, समीर आर्य व शशांक रावत के नाम शामिल हैं। संवाद

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।
दूरभाष/फैक्स- 05963-221011
E-mail: suchanabageshwar@gmail.com
मोबाईल नं0- 7055007026

हिन्दुस्तान

दिनांक- 17/08/2023



बागेश्वर के नुमाईशखेत में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते भाजपा नेता और कार्यकर्ता। • हिन्दुस्तान



बागेश्वर के नुमाईशखेत मैदान में बुधवार को आयोजित सभा में मौजूद लोग। • हिन्दुस्तान

### बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के नामांकन के बाद सभा में बोले सीएम, स्व. चंदन दास के सपने पूरे किए जा रहे

# चंदन ने 'दास' बनकर की बागेश्वर की सेवा: सीएम

**बागेश्वर उपचुनाव**

बागेश्वर, संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नुमाईशखेत में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. चंदन राम दास ने दास बनकर बागेश्वर की सेवा की। बागेश्वर की जतना पर एक बार फिर चुनाव कराने की जिम्मेदारी आ गई है। पार्टी ने चंदन दास के कार्यों को देखते हुए उनकी पत्नी पार्वती को प्रत्याशी बनाया है। आज वह उनके लिए मतदान को लोगों से अपील कर रहे हैं। कहा कि दास ने बागेश्वर के लिए जो भी सपना देखा था उसे पूरा किया जा रहा है। उनके निधन से आचार संहिता लगने तक उनके प्रस्तावित कार्य पूरे हो गए हैं। चम्पावत का उपचुनाव भाजपा ने 94 प्रतिशत वोट पाकर जीता था, पर बागेश्वर में यह रिकॉर्ड भी टूटेगा।





बागेश्वर में बुधवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नुमाईशखेत मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास भावुक हो गईं, सीएम धामी ने उन्हें ढांढस बंधाकर संभाला। इससे पहले पार्वती नामांकन के दौरान रिटर्निंग अफसर दफ्तर में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा के साथ।

धामी ने कहा कि चंदन राम दास चार बार विधायक और एक बार कैबिनेट मंत्री बने, लेकिन उनका जीवन काफी सरल व सहज था। सरकार में वह मंत्री जरूर थे, लेकिन बागेश्वर के लोगों के लिए उन्होंने दास बनकर काम किया। उनके कामों को यदि गिनाया जाए तो आज दिन कम पड़ेगा। अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद उन्हें अपनी विधासभा की चिंता रहती थी। ऐसे चंदन की खुशबू यहां देर तक महकेगी। इसे बागेश्वर की जतना पार्वती को जिताकर महकाएंगे। धामी ने कहा कि चंदन जब विधायक से मंत्री बने तब उन्होंने उनसे कहा कि अब आप पूरे प्रदेश के मंत्री हैं, तो प्रदेश की चिंता करें। उन्होंने कहा मैं प्रदेश की चिंता कर रहा हूं, आप बागेश्वर की चिंता करना। इस तरह के मंत्री के असमय चले जाने से पार्टी व बागेश्वर को बड़ा नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई उनकी पत्नी विधायक बनकर पूरा करेंगी। प्रदेश सरकार चंदन दास के सपनों को पूरा कराएगी। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि चंदन की पार्वती को जिताने के लिए सभी को आकर वोट करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास बागेश्वर में कोई उम्मीदवार नहीं था। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि बागेश्वर का उपचुनाव मात्र औपचारिकता भर है। दावा किया कि जतना ने पहले ही भाजपा प्रत्याशी को जिताने का मन बना रखा है। भाजपा प्रत्याशी पार्वती देवी ने अपना पहला चुनावी भाषण दिया। बोलते-बोलते वह इतनी भावुक हो गई कि उन्हें मुख्यमंत्री धामी और प्रदेश अध्यक्ष ने संभाला। इसके बाद उन्होंने भाषण पूरा किया। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सबको मिल रहा है। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वांण ने सभी का स्वागत किया। संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने किया।

**ये रहे मौजूद**

नुमाईशखेत मैदान में कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष बसती देव, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, रानीखेत प्रमोद नैनवाल, गंगोलीहाट फकीर राम, सल्ट महेश जीना, पूर्व विधायक मीना गंगोला, पुष्कर काला, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, पूर्व विधायक शेर सिंह गड़िया, रमेश बहुगुणा, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, संजय परिहार समेत मंडलों, मोर्चा पदाधिकारी आदि रहें।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर। दूरभाष/फैक्स- 05963-221011
E-mail: suchanabageshwar@gmail.com मोबाईल नं0- 7055007026

दिनांक- 17/08/2023

अमर उजाला

# मंच पर भावुक हो गईं भाजपा प्रत्याशी पार्वती

## बागेश्वर के नुमाइशखेत मैदान में चल रही थी सभा, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पार्वती दास को ढाढ़स बंधाया

बागेश्वर का रण

संवाद न्यूज एजेंसी

बागेश्वर। दिवंगत मंत्री चंदन राम दास की पत्नी भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास मंच पर भाषण देने आई तो काफी भावुक हो गईं और फूट-फूट कर रोने लगीं। मुख्यमंत्री ने मंच से उठकर पार्वती दास को ढाढ़स बंधाया।

नुमाइशखेत मैदान में आयोजित सभा में भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास संबोधन करने के लिए आई तो उन्होंने मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गजों का नाम लेकर उन्हें संबोधित किया और आभार जताया। पार्वती दास जैसे ही पति के शुरू कराए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कहने लगीं तो उनकी आंखें भर आईं और वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें रोता देख मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं उनके पास गए और उन्हें ढाढ़स बंधाया।

पार्वती दास इतनी भावुक हो गई थीं कि भाषण जारी रखने की स्थिति में नहीं दिखाई दे रहीं थीं। मुख्यमंत्री धामी स्वयं पार्वती दास को कुर्सी तक ले गए। भाजपा प्रत्याशी को रोते देख कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों खासकर महिलाओं का भी मन भर आया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अपना संबोधन शुरू किया। सभा स्थल और उसके बाहर पार्वती दास के भावुक होने की चर्चाएं लोग कर रहे थे।




नुमाइशखेत मैदान में हुई सभा में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुईं सुनीता टम्टा और अन्य नेत्रियों का स्वागत करते सीएम धामी। संवाद

### सीएम ने गिनाए सरकार के काम

बागेश्वर। मुख्यमंत्री ने सरकार के काम गिनाते हुए कहा कि नकल अध्यादेश सरकार की बड़ी उपलब्धि है। सरकारी सेवाओं में भर्ती की पुख्ता व्यवस्था बनाई गई है। सरकार अतिक्रमणमुक्त प्रदेश बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रदेश में भू-कानून का मार्ग प्रशस्त होने जा रहा है। समान नागरिक संहिता सरकार की बड़ी उपलब्धि होगी। संवाद

### धार्मिक पर्यटन में अग्रणी होगा बागेश्वर

बागेश्वर। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बागनाथ धाम को प्रसाद योजना के तहत चिन्हित किया गया है। धाम के साथ ही नदी घाटों का कायाकल्प होने जा रहा है। बागनाथ और बैजनाथ को मानसखंड मंदिर माला योजना में चयनित हैं। विकास का खाका खींच लिया गया है। हवाई सेवा के विस्तार के लिए बैजनाथ के हेलीपैड के विस्तार को मंजूरी दी गई है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही साहसिक पर्यटन बागेश्वर जिले के लोगों के रोजगार से जुड़ेगा। संवाद



बागेश्वर में सीएम पुष्कर सिंह धामी का संबोधन सुनते भाजपा कार्यकर्ता। संवाद

### चंपावत जीत के आंकड़े दोहराएंगे : सीएम

बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बागेश्वर उप चुनाव में जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त नजर आए। सीएम ने कहा कि बागेश्वर उप चुनाव में भाजपा चंपावत की जीत के आंकड़े को दोहराएगी। चंपावत में मतदान का 94 प्रतिशत वोट भाजपा को पड़ा था। बागेश्वर में भी यह आंकड़ा बेहतर रहेगा। कहा कि लोगों ने आगामी पांच तारीख को होने वाले मतदान की तस्वीर आज ही दिखा दी। अपार संख्या में लोगों का सभा में पहुंचना इसका प्रमाण है। पार्टी बड़े अंतर से चुनाव जीतेगी। संवाद

### कांग्रेस को चुनाव में याद आते हैं विकास कार्य: सीएम

बागेश्वर। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस को चुनाव के दौरान विकास कार्य याद आते हैं। अन्य समय मुंह बंद रहता है। कहा कि कांग्रेस को मालूम होना चाहिए कि भाजपा की सरकार ने बागेश्वर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया है।

इसके अनुरूप एक अरब पैंतालिस करोड़ की डीपीआर शासन के पास पहुंच गई है। जल्द सीवरेज लाइन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में आठ पंपिंग पेयजल योजनाओं का निर्माण हो रहा है। नगर के लिए 3.7 एमएलडी की मंडलसेरा पंपिंग पेयजल योजना बन रही है। योजना का काम अंतिम चरण में है। जल्द बागेश्वर नगर पेयजल संकट से मुक्त हो जाएगा। कहा कि स्व. चंदन राम दास बागेश्वर को विकास के पथ पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ गए हैं। बागेश्वर में रोडवेज डिपो की कार्यशाला, पेट्रोल पंप का निर्माण हो रहा है। डिपो व्यवस्थित होगा। संवाद

### बागेश्वर के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला

सीएम धामी ने सिलसिलेवार बागेश्वर के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि सरकार बागेश्वर जिले को स्वास्थ्य सेवाओं को पुख्ता करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बागेश्वर के खोलो में दो सौ बेड के अस्पताल को मंजूरी दी गई है। 50 बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर बागेश्वर में बनने जा रहा है। कहा कि केंद्र सरकार की घोषणा के अनुरूप मेडिकल कॉलेज के लिए गरुड़ में जमीन चयनित की गई है। दो सौ बेड का अस्पताल बनने के बाद बागेश्वर मेडिकल कॉलेज की स्थापना का हकदार हो जाएगा। मेडिकल कॉलेज के लिए कम से कम दो सौ बेड का अस्पताल होना जरूरी है।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

E-mail: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026


अमर उजाला

दिनांक- 17/08/2023

## कुमाऊं का पहाड़ी इलाका जल्द जुड़ेगा रेल मार्ग से

### सीएम धामी ने बागेश्वर में हुई सभा में किया एलान, कहा-टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का सर्वे पूरा



बागेश्वर के नुमाइशखेत मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का फूल माला पहनाकर स्वागत करते भाजपाई। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का सपना साकार करने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहे हैं। पीएम की घोषणा के अनुरूप टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन की ब्राडगेज सर्वे का काम पूरा हो गया है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन की तरह कुमाऊं के पहाड़ी इलाकों को जोड़ने वाली टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

धामी ने कहा कि दिवंगत कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास विकास की पुख्ता नींव डाल गए हैं।

बागेश्वर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सीएम बागेश्वर की स्वास्थ्य, पेयजल सुविधा के साथ ही सीवर लाइन, रोडवेज डिपो, स्टेडियम समेत कई उपलब्धियों को जनता के सामने रख गए। बुधवार को पार्टी प्रत्याशी पार्वती दास के समर्थन में नुमाइशखेत मैदान में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं। उन्होंने 2022 के चुनाव में टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का निर्माण कराने की घोषणा की। पिछले दिनों वंदे भारत रेल सेवा की शुरुआत करते हुए पीएम ने एक बार फिर टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का निर्माण करने की घोषणा की। पीएम की घोषणा के अनुरूप रेल लाइन का सर्वे पूरा हो गया है। बागेश्वर के लोगों का रेल का सपना आने वाले समय में पूरा होगा। भाजपा की सरकार बागेश्वर तक रेल पहुंचाएगी। इस दौरान [illegible]

>> संबंधित खबर पेज 02

### भाजपा प्रत्याशी पार्वती ने किया नामांकन

बागेश्वर। भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, चुनाव प्रभारी शिव सिंह बिष्ट की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक केवल भाजपा का ही नामांकन हुआ है। बृहस्पतिवार को कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार नामांकन करेंगे। >> संबंधित पेज 02

राष्ट्रीय सहारा

## पार्वती के नाम पर मोहर लगते ही भाजपा प्रचार में कूदी

बागेश्वर (एसएनबी)। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा स्व. चंदन राम दास की पत्नी पार्वती दास को प्रत्याशी बनाने के बाद भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता की।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विकास पुरुष चंदन राम दास की मृत्यु होने से जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ा। इस चुनाव प्रचार को पार्टी स्व. दास के श्रद्धांजलि के साथ प्रारंभ करेगी।

कांग्रेस के जो प्रत्याशी हैं वे हर चुनाव में नए मुखौटे के साथ जनता के बीच आते हैं तथा फिर गायब होते हैं। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रत्याशी के नाम की घोषणा होते ही पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री ने कहा कि यह चुनाव स्व. दास की श्रद्धांजलि के साथ किया जाएगा। साथ ही स्व. दास के जो कार्य अधूरे रह गए हैं उन्हें प्रदेश सरकार पूरा करेगी।

एक सवाल के जवाब में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई प्रत्याशी नहीं रहा। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि भाजपा संगठन चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहता है तथा जनता की समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहता है। इस चुनाव में भी भाजपा विजय प्राप्त करेगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिपं अध्यक्ष दीपा आर्या, मथुरा प्रसाद, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार, प्रत्याशी पार्वती दास आदि उपस्थित थे।




पत्रकार वार्ता करते प्रदेश महामंत्री साथ में प्रत्याशी पार्वती दास व अन्य पदाधिकारी

### टिकट की घोषणा होते ही भावुक हुईं पार्वती दास

बागेश्वर। टिकट की घोषणा होते ही स्व. दास की पत्नी पार्वती दास भावुक हो गईं। वह रोते हुए ही पार्टी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने भावुकता में कहा कि उन्हें अपने पति के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ना पड़ रहा है। वायदा किया कि वे क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगी।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर। दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

ail: suchanabageshwar@gmail.com मोबाईल नं0- 7055007026


हिन्दुस्तान दिनांक- 17/08/2023

## 'कर्णप्रयाग की तरह चलेगी बागेश्वर में रेल'

**बोले सीएम**

- बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल्द्वानी में लिया है संकल्प
- मुख्यमंत्री ने कहा- सर्वे का कार्य पूरा होते ही दिखेगा असर

बागेश्वर, संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चुनावी सभा में कहा कि कर्णप्रयाग-ऋषिकेश की तरह टनकपुर-बागेश्वर रेल भी चलेगी। गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल्द्वानी में आयोजित सभा में इसका संकल्प लिया है। इधर, सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे पूरा होते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में धारा 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण शुरू कराने में भाजपा ने ऐतहासिक कार्य किया है। इसका लाभ पूरे देश के लोगों को मिल रहा है।

### पूर्व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख भाजपा में शामिल

बागेश्वर। कांग्रेस की पूर्व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख सुनीता टम्टा ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ले ली है। टम्टा ने बताया कि पार्टी में पिछले कुछ दिनों से उनकी उपेक्षा हो रही थी। इसी से आहत होकर वह वह 42 समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुई हैं।

नुमाईशखेत में आयोजित सभा में सीएम ने बागेश्वर के लिए किए गए कार्य गिनाए। उन्होंने कहा कि बागेश्वर को खोली में स्टेडियम दिया है। इसकी डीपीआर तैयार है। यहां रोडवेज डिपो बन गया है और पेट्रोल पंप का निर्माण हो रहा है। खोली में 100 बेड का अस्पताल बन रहा है। पेयजल की समस्या का समाधान हुआ है। जेठाई, कौसानी, मंडलसेरा, खरेही, तरमोली में पेयजल योजनाएं बनाई हैं। पचना, रामपुर, घिरतोली, कोठूं, अणां, बिलौना समेत आठ लिफ्ट योजनाएं बनी हैं। किसानों को सिंचाई का पानी मिल रहा है। 100 सड़कों पर डामरीकरण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का मतलब बेहतर स्वास्थ्य, लव-जिहाद व लैंड जिहाद पर वार, अतिक्रमण-भ्रष्टाचार पर चोट, युवाओं का सुरक्षित भविष्य, नए भारत और उत्तराखंड का निर्माण करना है।

सीएम ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि वह विकास को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। कहा कि रंजीत दास कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, उनके साथ कई समर्थक भी आए हैं। विरोधी दल के पास प्रत्याशी नहीं था, दूसरे दल से लाया गया है। ऐसे में जन समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर।

E-mail: suchanabageshwar@gmail.com

दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

मोबाईल नं0- 7055007026


दै० जागरण

दिनांक- 17/08/2023

# विकास कार्यों को आगे बढ़ाना भाजपा का संकल्प

## चुनावी सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया आह्वान, सांसद अजय टम्टा और प्रभारी मंत्री सौरभ ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरा

जासं, बागेश्वर : उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के पक्ष में बुधवार को मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। पार्वती के नामांकन के बाद नुमाइशखेत मैदान पर चुनावी सभा आयोजित की गई। इस दौरान भावुक पार्वती भाषण पूरा नहीं कर सकीं। उन्हें सीएम ने ढांढस बंधाकर संभाला।

जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि चंदन की पार्वती को विजयी बनाएं। स्व. चंदन राम दास को बागेश्वर की हमेशा फिक्र थी। विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। उन्हें आगे बढ़ाना है। कांग्रेस के पास प्रत्याशी नहीं था। आप के नेता को सदस्यता ग्रहण कराई और उसे टिकट दे दिया। ऐसे में आज कांग्रेस के लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

पार्वती दास ने कहा कि वह पति के कार्यों को आगे बढ़ाएंगी। इस दौरान वह मंच पर भावुक हो गईं। मुख्यमंत्री को उठकर उन्हें समझाने आना पड़ा। वह अपना भाषण पूरा भी नहीं कर सकीं। जनता का आभार व्यक्त किया और वोट देने को कहा। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि वह बागेश्वर को जानने और समझने के लिए यहां हैं। यहां के लोग अच्छे हैं। भाजपा विकास का नाम है। बागेश्वर का विकास, सपने और चंदन राम दास के अधूरे काम आगे बढ़ाने के लिए वोट करें। यह चुनाव विकास के लिए है। अपने चंदन राम के लिए है। पार्टी उनके सभी सपनों को पूरा करेगी।



नुमाइशखेत में आयोजित सभा में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग उमड़े • जागरण



जनसभा के दौरान पार्वती दास भावुक हुईं तो सीएम ने उन्हें ढांढस बंधाया • जागरण

### नवरत्न में बागेश्वर-टनकपुर रेल मार्ग : टम्टा

सांसद अजय टम्टा ने कहा कि विकास आगे बढ़ रहा है। दुर्भाग्य से चंदन नहीं हैं। भाजपा ने अनुच्छेद 370 को हटाया और समान नागरिक संहिता विषय भी भाजपा का ही है। ग्वालदम-कपकोट-जौलजीवी मोटर मार्ग भारत माला के अंतर्गत है। इसी सत्र में काम पूरा होना है। प्रधानमंत्री की नवरत्न योजना में बागेश्वर-टनकपुर रेल मार्ग का सर्वेक्षण हुआ है। पीएमजीएसवाइ के तहत सड़कें भी बन रही हैं।

### पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख सुनीता टम्टा भाजपा में शामिल

पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख और कांग्रेस कार्यकर्ता सुनीता टम्टा बुधवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सम्मान नहीं है। वह पार्टी की सेवा करती रहीं। दिन-रात मेहनत की। लेकिन उनकी उपेक्षा हुई। कहा कि उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने उनका माल्यार्पण किया।

### स्वागत के लिए लगी होड़

मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं की होड़ लगी रही। मंच में कई लोग पहुंच गए। उन्हें बारी-बारी नीचे उतारा गया। सीएम के साथ सेल्फी लेने का क्रेज भी दिखा।

### भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों को मोर्चे पर लगाया

बागेश्वर : उपचुनाव के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बुधवार को अपराह्न चुनाव कार्यालय का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने किया। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी समेत प्रदेश अध्यक्ष, दुश्यंत कुमार गौतम, रेखा वर्मा, नरेश बंसल, अजय भट्ट, अजय टम्टा, रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा, बिशन सिंह चुफाल, मदन कौशिक सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य, प्रेमानंद अग्रवाल, अजेय, आदित्य कोठारी समेत 40 नाम शामिल किए गए हैं।

### सभा में ये रहे उपस्थित

पुष्कर काला, शिव सिंह बिष्ट, इंद्र सिंह फर्स्वाण, रंजीत दास, फकीर राम, सरिता आर्या, सुरेश गढ़िया, प्रमोद नैनवाल, सुबोध साह, कुंदन परिहार, दीपा आर्या, महेश जीना, रमेश बहुगुणा, मुन्नी देवी व घनश्याम भी मौजूद रहे।

### धूप ने किया परेशान

बुधवार को मौसम साफ रहा। धूप और उमस से लोग परेशान रहे। वह उठकर पेड़ों की छाव की तरफ जाने लगे। सभा में महिलाओं की संख्या अधिक रही। पुरुष अधिकतर दूर छांव से ही भाषण सुनते रहे। पानी की बोतलों पर भी टूटते नजर आए।

### कांग्रेस आज करेगी नामांकन

कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार गुरुवार को नामांकन करेंगे। इसके अलावा अन्य दल और निर्दलीय भी नामाकन करा सकते हैं। 17 अगस्त नामाकन की अंतिम तिथि है।



भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास (मध्य) ने बुधवार को नामांकन किया इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा भी मौजूद रहे • जागरण

### भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने किया नामांकन

बागेश्वर : उपचुनाव में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने नामांकन किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, शिव सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे। उन्होंने आरओ हरगिरी को नामांकन पत्र सौंपा। इधर, नामांकन के लिए मुख्यमंत्री का इंतजार किया जा रहा था। लेकिन उनका हेलीकाप्टर डीनापानी में उतरा। वहां से वह कार से बागेश्वर पहुचे। उनके यहा पहुंचने में देर हो गई। ऐसे में शुभ मुहूर्त पर नामांकन किया गया।

# जिला सूचना अधिकारी कार्यालय बागेश्वर

प्रेस क्लब भवन, तहसील परिसर, बागेश्वर। दूरभाष/फैक्स- 05963-221011

E-mail: suchanabageshwar@gmail.com मोबाईल नं0- 7055007026


अमर उजाला दिनांक- 17/08/2023


## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में पार्वती ने किया नामांकन

संवाद न्यूज एजेंसी

बागेश्वर। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, चुनाव प्रभारी शिव सिंह बिष्ट की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक केवल भाजपा का ही नामांकन हुआ है। बृहस्पतिवार को कांग्रेस प्रत्याशी वसंत कुमार नामांकन करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने प्रदेश अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री, चुनाव प्रभारी, भाजपा नेता सुबोध लाल साह के साथ रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी हरगिरि के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री और चुनाव प्रभारी ने जीत का दावा किया।

उधर, रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि अब तक केवल एक नामांकन हुआ है। बृहस्पतिवार को नामांकन की अंतिम तिथि है। सपा, बसपा, यूकेडी प्रत्याशी भी अंतिम दिन ही नामांकन करेंगे।




नामांकन पत्र जमा करतीं भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास। संवाद

**■ बागेश्वर में कई बार लगा जाम :** भाजपा प्रत्याशी के नामांकन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दौरे की वजह से बुधवार को बागेश्वर नगर में सुबह से ही चहल-पहल थी। अन्य दिनों की अपेक्षा वाहनों की संख्या भी अधिक रही। नगर में वाहनों की संख्या बढ़ने से नगर में कई बार जाम लगा। जाम में फंसने से वाहन संचालकों के साथ ही लोग परेशान रहे। जाम का सिलसिला शाम तक जारी था।

### जोड़ बैजनाथ बागेश्वर मोटर मार्ग पर लगा जाम

गरुड़ (बागेश्वर)। भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के नामांकन जुलूस में शामिल होने के लिए विकास खंड गरुड़ से भाजपा कार्यकर्ता वाहनों से बागेश्वर पहुंचे। इस वजह से बैजनाथ बागेश्वर मोटर मार्ग पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। वहीं गागरीगोल बागेश्वर मोटर मार्ग पर समय- समय पर जाम लगता रहा। नामांकन जुलूस में विकास खंड गरुड़ के विभिन्न गांवों के ग्रामीण अलग-अलग वाहनों से बागेश्वर पहुंचे थे। बैजनाथ-बागेश्वर मोटर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही के चलते मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। संवाद



बागेश्वर के पिंडारी मार्ग पर लगा जाम। संवाद

# बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम हिन्दुस्तान

दिनांक 17 AUG 2023

### भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने उपचुनाव के लिए कराया नामांकन, मौसम के कारण तय मुहूर्त पर नहीं पहुंच सके मुख्यमंत्री

# बागेश्वर में टूटेगा चंपावत की जीत का रिकॉर्ड: धामी

बागेश्वर उपचुनाव

बागेश्वर, संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव में चम्पावत उपचुनाव का भी रिकॉर्ड टूटेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभा में उमड़ी भीड़ ने अपना फैसला आज ही सुना दिया है। हालांकि, मतदान पांच सितंबर को होगा। स्वर्गीय चंदन राम दास के अधूरे कार्यों को पार्वती दास पूरा करेंगी। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद नुमाईशखेत में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री धामी ने यह बात कही।

सीएम धामी ने कहा कि एक साल पहले वह इसी मैदान में चंदन राम दास के लिए वोट मांगने के लिए आए थे। तब बागेश्वर की जनता ने चंदन राम को रिकॉर्ड मतों से जिताया था। बागेश्वर की जतना के ऊपर एक बार फिर वही जिम्मेदारी आ गई है। सीएम मौसम की खराबी के कारण पार्वती दास के नामांकन दाखिल करने के तय मुहूर्त पर नहीं पहुंच पाए। पार्वती ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में नामांकन किया। इस दौरान जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुबोध लाल साह, पूर्व जिला अध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट मौजूद रहे। उन्होंने आरओ हरगिरी को नामांकन पत्र सौंपा। सीएम दोपहर करीब एक बजे सीधे सभास्थल नुमाईशखेत पहुंचे।

भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने बताया कि नामांकन कराने का मुहूर्त दोपहर 12 बजे तक था। इसलिए तय समय पर नामांकन दाखिल कर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि चंदन राम दास की पत्नी पार्वती दास को जिताने के लिए बागेश्वर क्षेत्र के जनता को आंगे आकर वोट करना होगा। कांग्रेस के पास बागेश्वर में कोई उम्मीदवार नहीं था। उनके द्वारा छले गए कांग्रेस के सभी नेता भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।



बागेश्वर में बुधवार को नुमाईशखेत मैदान में हुई नामांकन सभा के मंच पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पार्टी प्रत्याशी पार्वती दास का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला से स्वागत किया। • हिन्दुस्तान

### चंदनराम ने 'दास' बनकर की सेवा

बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नुमाईशखेत में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चंदन राम ने 'दास' बनकर बागेश्वर की सेवा की। बीती 26 अप्रैल को उनका असामयिक निधन हो गया। बागेश्वर की जनता पर एक बार फिर चुनाव कराने की जिम्मेदारी आ गई है।

### भाजपा ने उतारे चालीस स्टार प्रचारक

देहरादून। भाजपा ने बागेश्वर उप चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि इस सूची में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा के साथ ही सांसद, पूर्व सीएम और विधायकों को शामिल किया गया है।

### पूर्व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख भाजपा में शामिल

बागेश्वर। कांग्रेस की पूर्व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख सुनीता टम्टा ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ले ली है। टम्टा ने बताया कि पार्टी में पिछले कुछ दिनों से उनकी उपेक्षा हो रही थी। इसी से आहत होकर वह 42 समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुई हैं। इससे कांग्रेस को झटका लगा है।

### पहले चुनावी भाषण में भावुक हुईं पार्वती

भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने अपना पहला चुनावी भाषण दिया। बोलते-बोलते वह इतनी भावुक हो गई कि उन्हें मुख्यमंत्री धामी और प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने अपना भाषण पूरा किया।

# बागेश्वर उपचुनाव में रिकार्ड मतों से होगी भाजपा की जीत : सीएम

**मुख्यमंत्री ने बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित**

**बागेश्वर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि चंपावत उपचुनाव की तरह बागेश्वर में जनता भाजपा की जीत दोहराने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस जीत के लिए कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता में भारी उत्साह दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीति व नीयत में ही खोट है।

बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के पर्चा दाखिल करने के बाद नुमाइश मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम धामी ने प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर की जनता ने स्व. चंदन दास द्वारा किए गए विकास कार्यों और उनके सपनों को पूरा करने के लिए पार्वती दास को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। चंपावत उपचुनाव की तरह भाजपा बागेश्वर उपचुनाव भी रिकार्ड मतों से जितेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस घोटालों की पार्टी है। भाजपा ने हमेशा जनता के हितों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन राजनीति कर रही है।

भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने कहा कि वह अपने पति द्वारा कराए जा रहे अधूरे विकास कार्यों को पूरा करेंगी। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्व. चंदन दास को विकास परुष की संज्ञा देते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा क[रने] के लिए भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के पक्ष [में] मतदान की अपील की। सभा को जिलाध्यक्ष [शिव] सिंह फरस्वाण, सांसद अजय टम्टा, जि[ला] महामंत्री संजय परिहार, घनश्याम जो[शी], नैनीताल विधायक सरिता आर्या, रानीखे[त] विधायक प्रमोद नैनवाल, कुंदन परिहार, [पूर्व] मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, रंजीत दास, पुष्[पा] काला, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, गोविंद दानू, विक्रम शाही आदि ने संबोधित किया। इससे [पूर्व] कांग्रेस नेता व पूर्व कनिष्ठ प्रमुख सुनीता टम्टा [के] नेतृत्व में कई महिलाओं ने भाजपा की सदस्[यता] ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन [...] जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने किया।



जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने भरा परचा

**बगेश्वर।** भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने बुधवार को तहसील कार्यालय में बने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन कराया। वह कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय पहुंची व नामांकन भरा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भटट, प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधानसभा चुनाव संयोजक शिव सिंह बिष्ट, सह संयोजक सुबोध साह, गौरव दास व भास्कर दास आदि उपस्थित थे।

## सांसद निधि की बंदरबांट का आरोप लगाया

**बागेश्वर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला ने भाजपा सांसद अजय टम्टा पर सांसद निधि की बंदरबांट करने का आरोप लगाते हुए सूची सार्वजनिक करने की मांग की। डसीला ने कहा कि सांसद ने निजी स्कूलों को भी सांसद निधि दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उनके सांसद निधि वितरण से असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि सांसद निधि वितरण में भाजपा सांसद ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की है।

# अध्यक्ष की मौजूदगी में पार्वती ने किया नामांकन



बागेश्वर के रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करतीं भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास। संवाद

बागेश्वर। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, चुनाव प्रभारी शिव सिंह बिष्ट की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक केवल भाजपा का ही नामांकन हुआ है। भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने प्रदेश अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री, चुनाव प्रभारी, भाजपा नेता सुबोध लाल साह के साथ रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी हरगिरि के समक्ष नामांकन प्रत्र दाखिल किया। वहीं, जनसभा में पार्वती दास फफक-फफक कर रो पड़ीं। वह संबोधन कर रहीं थीं। उन्होंने ज्यों ही अपने पति चंदन राम दास के शुरू किए गए विकास कार्यों को पूरा करने की बात कही तो वह, अचानक फफक-फफक कर रोने लगीं। सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ ही वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें ढांढस बंधाया। पार्वती दास इतना रो रहीं थीं कि उसके बाद संबोधन नहीं कर पाईं। उन्हें रोता देख अन्य नेता भी उदास होते देखे गए। लोगों ने चंदन राम जिंदाबाद के नारे लगाकर पार्वती दास को हौसला देने की कोशिश की। सीएम धामी स्वयं पार्वती दास को उनकी कुर्सी पर छोड़ने गए। संवाद


दैनिक जागरण

# बागेश्वर उपचुनाव : भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने कराया नामांकन

जागरण संवाददाता, बागेश्वर: अनुसूचित जाति आरक्षित विस सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने नामांकन किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रभारी मंत्री सौरव बहुगुणा आदि की मौजूदगी में आरओ हरगिरी को नामांकन पत्र सौंपा गया। नामांकन के लिए मुख्यमंत्री का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन उनके पहुंचने में देरी के कारण तय समय पर नामांकन किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार गुरुवार को नामांकन करेंगे। गुरुवार को नामांकन की अंतिम तिथि है। उधर कांग्रेस सदस्य व पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख सुनीता टम्टा भाजपा में शामिल हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सम्मान नहीं है। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

**मंच पर भावुक हुई पार्वती**

उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के पक्ष में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और प्रभारी मंत्री ने बुधवार को कार्यकर्ताओं में जोश भरा। नामांकन के बाद नुमाइशखेत मैदान में चुनावी सभा हुई। इस दौरान पार्वती दास ने कहा कि वह पति के कार्यों को आगे बढ़ाएंगी लेकिन वह भाषण पूरा नहीं कर सकीं। वह मंच पर ही भावुक हो गईं तो सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें संभालते हुए ढांढस बंधाया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि स्व. चंदन राम दास को बागेश्वर की हमेशा फिक्र थी। विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। उनके कार्यों को हमें आगे बढ़ाना है। कांग्रेस के पास प्रत्याशी नहीं था इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता को सदस्यता ग्रहण कराई और उसे टिकट दे दिया। आज कांग्रेस के लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि वह बागेश्वर को जानने और समझने के लिए यहां हैं। क्षेत्र के विकास और स्व. चंदन राम दास के अधूरे काम आगे बढ़ाने के लिए वोट करें।



बागेश्वर स्थित आरओ कार्यालय में नामांकन करतीं भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास • जागरण

## चंदन की पार्वती को विकास के लिए दें वोट : धामी

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि चंदन की पार्वती को विकास के लिए वोट दें। चंपावत की तरह यहां भी भाजपा के पक्ष में भारी मतदान होगा और यही स्व. चंदन राम दास को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके विकास कार्य आगे बढ़ेंगे। बुधवार को ऐतिहासिक नुमाइशखेत मैदान में प्रत्याशी पार्वती दास के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि मानसखंड की यात्राएं भी शीघ्र उत्तराखंड में चलेंगी। बागनाथ मंदिर समेत 16 मंदिरों का सुंदरीकरण और विस्तारीकरण किया जा रहा है। बागेश्वर-टनकपुर रेल लाइन की घोषणा पिछले विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हल्द्वानी से की थी। इसका सर्वे हो रहा है और रेल भी आएगी। भाजपा ने महिलाओं को नौकरियों में 30 प्रतिक्षत क्षैतिज आरक्षण दिया है।

# BJP's Parvati Dass files nomination papers

PNS ■ BAGESHWAR

Parvati Dass, the BJP candidate and widow of Chandan Ram Dass filed her nomination paper for the Bageshwar assembly by- election on Wednesday. She was accompanied by president of Uttarakhand BJP Mahendra Bhatt, minister in charge of Bageshwar district, Saurabh Bahuguna, former chairperson of Bageshwar municipality Subodh Lal Sah and former district president Shiv Singh Bisht. Interacting with the media persons after filing of nomination papers by Dass, the state BJP president Bhatt claimed that the party candidate will register a landslide victory in the by-election. He said that the people of Bageshwar will reject the negative politics of Congress party and give its tribute to late Chandan Ram Dass by making the BJP victorious. Bhatt said that the party was preparing for the elections for the last two months.

Immediately after the nomination of Parvati Dass an election rally was organised by the BJP at Numaish Maidan in Bageshwar. The chief minister Pushkar Singh Dhami attended the rally. He said that with the presence of such a large number of people in this public meeting there is no doubt about the victory of the BJP candidate. He also paid a rich tribute to the late Chandan Ram Dass.

Meanwhile the Congress party has made Basant Kumar its candidate for the by-election. He will file his nomination papers on Thursday. In the assembly election held in the year 2022, Chandan Ram Dasss of BJP won from the Bageshwar reserved assembly seat by defeating his nearest rival Ranjeet Das of Congress party. The voting for the by-election will be held on September 5 and the counting of votes will be done on September 8 and the result will be declared on the same day.



गढ़वाल पोस्ट सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
7 AUG 202

# Parvati Devi files nomination as BJP candidate for Bageshwar assembly bypoll

By OUR STAFF REPORTER

**DEHRADUN, 16 Aug:** BJP candidate for the Bageshwar Assembly bypoll, Parvati Devi today filed her nomination. She was accompanied by BJP State President Mahendra Bhatt and Cabinet Minister Saurabh Bahuguna on the occasion.

The nomination was proposed by former Municipal chairman Subodh Shah and former BJP District President Shiv Singh Bist.

Both, Bhatt and Bahuguna claimed that BJP would win the election with a record margin. A public meeting was also organised on the occasion at Numaish Khet Maidan here, today, which was also addressed by Chief Minister Pushkar Singh Dhami amongst other party leaders.

Dhami said that every vote cast in favour of BJP candidate Parvati Devi would be like elixir for the development of Bageshwar. He expressed confidence that people would turn out in record numbers to express their support to the BJP candidate. He promised that Bageshwar would also be developed on the same lines as Champawat is being developed. A huge win for Parvati Devi would be a true tribute to the late Chandan Ramdas, who had worked tirelessly for the development of his constituency. A win for the BJP candidate would ensure that the development work done by Chandan Ramdas would be carried forward.

On the occasion, Dhami also remembered former Prime Minister, the late Atal Behari Vajpayee on the occasion of his death anniversary.

Dhami said that the yatras of Manas Khand would also start soon in Uttarakhand. Sixteen temples, including the Bagnath Temple, are being beautified and redeveloped. The survey of Bageshwar-Tanakpur rail line would be completed soon and the train service would also begin.

He reminded that, in the last assembly elections, Prime Minister Narendra Modi had also made this announcement at the election meeting in Haldwani.

The Chief Minister claimed that Uttarakhand is witnessing all-round development at present. The BJP Government would not only lay the foundation but also ensure inauguration of the projects. Three LPG cylinders are given to the poor every year free of cost. As many as 1.81 lakh families are getting benefits. BJP has given 30 percent horizontal reservation in jobs to women. Reservation is also being given to the statehood agitationists. A new tourism policy has been prepared. The tours of Manas Khand will start soon.

The CM said that Bageshwar will soon have a stadium in Kholi, whose DPR is ready. A roadways depot has been built and a petrol pump is being constructed. A 100-bed hospital is being built in Kholi. The problem of drinking water has been solved. Drinking water schemes have been made in Jethai, Kausani, Mandalsera, Kharehi, Tarmoli. Eight water lift schemes, including Pachna, Rampur, Ghirtoli, Kothun, Anan, Bilona have been made. Farmers are getting irrigation water. Coaltar is being laid on over 100 roads currently in Bageshwar.

Dhami claimed that BJP means ensuring health for everyone, countering love-jihad and land-jihad, and action against encroachment on public property as well as against corruption. The BJP also ensured that strict anti-rigging law to secure future of the youth, abolition of Article 370 in Kashmir and construction of grand Ram Temple.

Attacking the Congress, the CM said that it was not dedicated to development. Ranjit Das has left the Congress and joined the BJP. Many supporters have also come with him. The opposition party did not have a candidate and had to come up with an imported party leader. He asserted that the public problems can't be addressed in such ad hoc manner.

# बागेश्वर उपचुनाव : धामी, भट्ट व दुष्यंत समेत 40 नेता गरमाएंगे प्रचार

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम समेत पार्टी के 40 नेता प्रचार गरमाएंगे। भाजपा ने उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें पार्टी सांसदों व पूर्व मुख्यमंत्रियों व प्रदेश सरकार के मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं।

**भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, सांसद व पूर्व मुख्यमंत्रियों के भी नाम**

उपचुनाव में जो नेता प्रचार करेंगे उनमें पार्टी की सह प्रभारी रेखा वर्मा, सांसद नरेश बंसल, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, सांसद अजय टम्टा, पूर्व सीएम व सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा, विधायक बिशन सिंह चुफाल, मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, डॉ. धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य, अजेय कुमार, आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, बलवंत सिंह भौर्याल, दिप्ती रावत, स्वराज विद्वान, नेहा जोशी, सुरेश गढिया, भोपाल राम, फकीर राम टम्टा, शेर सिंह गढिया, मीना गंगोला, बंसती देवी, शिव सिंह बिष्ट, वीरेंद्र बल्दिया, आशा नौटियाल आदि नाम शामिल हैं।

दैनिक जागरण

# भाजपा के स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री, केंद्रीय राज्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी समेत कई शामिल

राज्य ब्यूरो, देहरादून : विधानसभा की बागेश्वर सीट के उपचुनाव के प्रचार अभियान के लिए भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट, भाजपा के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य पार्टी नेता शामिल हैं।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री धामी व केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट के अलावा भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत व विजय बहुगुणा, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्या व प्रेमचंद अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी व राजेंद्र बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष मदन कौशिक, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत व प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, विधायक सुरेश गडिया, भोपाल राम व फकीर राम टम्टा, पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौंर्याल व मीना गंगोला, भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, बसंती देवी, शिव सिंह बिष्ट आदि शामिल हैं।

समाचार पत्र का नाम राष्ट्रीय सहारा

दिनांक 17 AUG 20?

# बागेश्वर उपचुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

देहरादून (एसएनबी)। भाजपा बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में ताकत झोंकने की तैयारी में है। उसने उपचुनाव के लिए 40 सदस्यीय स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। स्टार प्रचारक घोषित करने से राजनीतिक दल को यह फायदा होता है कि ऐसे नेताओं के कार्यक्रमों में होने वाला खर्च प्रत्याशी के खाते की बजाय पार्टी के खाते में जुड़ता है।

**बागेश्वर उपचुनाव में पूरी ताकत झोंकेगी भाजपा**

**स्टार प्रचारकों में 40 लोग शामिल किए भाजपा ने**

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि 40 सदस्यीय स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश के सभी सांसद, मंत्री तथा वरिष्ठ नेता शामिल हैं। स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री के अलावा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, सह प्रदेश प्रभारी रेखा वर्मा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट, अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा, हरिद्वार सांसद व पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद व पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, पूर्व अध्यक्ष बिशन सिंह चुफाल, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य, प्रेम चंद अग्रवाल, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, बलवंत सिंह भौर्याल, दीप्ति रावत, स्वराज विद्वान, नेहा जोशी, सुरेश गड़िया, मीना गंगोला, बसंती देवी, शिव सिंह बिष्ट, वीरेंद्र वल्दिया, आशा नौटियाल, जोगिंदर पुंडीर, समीर आर्य और शशांक रावत शामिल हैं।

---

शाह टाइम्स

# बागेश्वर उपचुनाव: भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**■ मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सहित मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के नाम शामिल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** बागेश्वर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जारी की गई स्टार प्रचारकों की सूची में मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, लोकसभा व राज्यसभा सांसद, विधायक व पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी समेत 40 नेताओं को शामिल किया गया है।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर स्टार प्रचारकों की जानकारी उपलब्ध कराई है।

## ये हैं भाजपा के स्टार प्रचारक

भाजपा ने बागेश्वर उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद अजय भट्ट ,सांसद अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद तीरथ सिंह रावत ,पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, विधायक बिशन सिंह चुफाल, मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ धन सिंह रावत ,गणेश जोशी, सुबोध उनियाल ,सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य ,डॉ प्रेमचंद अग्रवाल , प्रदेश महामंत्री संगठन अजय, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट ,विधायक बलवंत सिंह भौरीयाल, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत, स्वराज विद्वान, नेहा जोशी ,सुरेश गढ़िया भोपाल राम, फकीर राम टम्टा,शेर सिंह गढ़िया, मीना गंगोला ,बसंती देवी ,शिव सिंह बिष्ट, वीरेंद्र बल्दिया ,आशा नौटियाल, जोगिंदर पुंडीर , समीर आर्य और शशांक रावत के नाम शामिल है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग

निरीक्षा शाखा

समाचार पत्र का नाम हिन्दुस्तान

दिनांक 17 AUG 202

# कांग्रेस आज कराएगी नामांकन

देहरादून। बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार, गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इससे पहले 15 अगस्त को पार्टी की ओर से अधिकारिक तौर पर बसंत कुमार का नाम बतौर प्रत्याशी घोषित किया गया, महासचिव मुकुल वासनिक ने पत्र जारी किया गया है। नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित कई नेता मौजूद रहेंगे।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
हिन्दुस्तान टाइम्स निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम
दिनांक 17 AUG 2023

{ FOR BAGESHWAR BYPOLL }

# BJP candidate files nomination

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**DEHRADUN:** Bharatiya Janata Party (BJP) candidate Parvati Dass on Wednesday filed her nomination papers for the Bageshwar bypoll, people familiar with the matter said.

The BJP candidate is the wife of former cabinet minister Chandan Ram Das whose death in April this year necessitated a by-election to the seat which her late husband had been winning for four consecutive polls since 2007. Dass filed her nomination in the presence of BJP state president Mahendra Bhatt and animal husbandry minister Saurabh Bahuguna.



**Parvati Dass files papers for Bageshwar bypoll.** HT PHOTO

On the occasion, Mahendra Bhatt said, "The BJP will win the Bageshwar... like Champawat bypoll, with a record margin. The voters of the Bageshwar assembly will pay tributes to the late Chandan Ram Dass by rejecting the negative politics of the opposition Congress."

Meanwhile, the Congress candidate Basant Kumar will file his nomination on Thursday. He contested the assembly election in 2017 on a Bahujan Samaj Party ticket and as an Aam Aadmi Party candidate in 2022. Basant Kumar joined Congress on August 13.State Congress president Karan Mahara said, "Our candidate Basant Kumar will file nominations on August 17."

The election for Bageshwar Scheduled Caste reserved seat will take place on September 5.